रांची, शनिवार, 28 सितंबर 2024
संवत 2081, आश्विन कृष्ण 11 संवत मूल्य-2 रुपये
वर्ष-8, अंक 24 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक



4 ▸▸ अंत्योदय से समृद्ध होगा भारत
सोमी अली ने सोनू निगम पर लगाया धोखा देने और फायदा उठाने का आरोप ◂◂ 6



# अबुआ आभार हेमन्त सरकार

## नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार

## नव चयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को

# मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन

## एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 28 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

## युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- इस वित्तीय वर्ष में 5,403 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों एवं 539 लैब सहायकों की नियुक्ति
- JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 200 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

PR- 337433 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# सीजीएल विवाद पर बोले सीएम, मीडिया ट्रायल के जरिए सरकार पर कालिख पोतने का हो रहा है काम

मेट्रो रेज

**रांची:** सीजीएल परीक्षा को लेकर चल रहे विवाद के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज 27 सितंबर को जेएसएससी द्वारा विभिन्न पदों पर चयनित 527 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरित किया. जैप वन सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नव चयनित अभ्यर्थी और उनके परिवार को बधाई दी. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में लगातार नियुक्ति प्रक्रिया जारी है।



उन्होंने उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान एक दर्जन से अधिक युवाओं के खोने पर दुख जताते हुए इस पर चिंता जताई. मुख्यमंत्री ने इस संबंध में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से इसकी जांच कराने के संबंध में लिखे गए पत्र की जानकारी देते हुए कहा कि यह बेहद ही चौकाने वाली बात है कि झारखंड के युवक पांच और दस किलोमीटर चल और दौड़ नहीं सके ऐसा नहीं हो सकता है. यह जांच की बात है इसलिए हमने इस संबंध में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय से सहयोग करने की अपील की है.

**सीजीएल विवाद पर बोले सीएम, मीडिया ट्रायल के जरिए सरकार पर कालिख पोतने का हो रहा है काम :** मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सीजीएल परीक्षा को लेकर उठे विवाद पर चिंता जताते हुए कहा कि मीडिया ट्रायल के जरिए सरकार पर कालिख पोतने का काम किया जा रहा है. इसके बावजूद सरकार पूरे संकल्पित होकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि आयोग ने इस संबंध में सफाई दे दिया है।

डोरंडा स्थित जैप वन सभागार में आयोजित नियुक्ति वितरण समारोह कार्यक्रम में कुल 527 अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र दिया गया जिसमें 200 सहायक शिक्षक शामिल हैं. मुख्यमंत्री के द्वारा इस मौके पर सांकेतिक रूप से कुछ अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया. जिन पदों के लिए नियुक्ति पत्र अभ्यर्थियों को दिया गया है उसमें पीजीटी शिक्षक, टीजीटी शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक, जेई, कम्प्यूटर सहायक, रिम्स में तृतीय श्रेणी के पद शामिल हैं।

इस मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने संबोधित करते हुए नवचयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी. मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री हफिजुल, सांसद महुआ माजी की मौजूदगी में आयोजित इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सबसे ज्यादा कोई खुश था तो वह नव चयनित अभ्यर्थी जो लंबे समय से सरकारी नौकरी पाने की प्रतीक्षा कर रहे थे. अभ्यर्थी वर्षा परिहार भूगोल विषय की पीजीटी शिक्षिका बनी हैं। कल तक निजी विद्यालय में पढ़ा कर जीवन यापन कर रही थीं। आज सरकारी शिक्षक बनने से वे बेहद खुश थी। इसी तरह नवचयनित अभ्यर्थी अनु भट्टाचार्य मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए काफी खुश दिखे।



## भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा की बैठक संपन्न

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी, पिछड़ा जाति मोर्चा, रांची महानगर (जिला) की एक संगटनात्मक बैठक आगामी कार्यक्रमों को लेकर नवनियुक्त अध्यक्ष प्रकाश साहू के नेतृत्व में जिला कार्यालय में हुई। जिसमें सर्वप्रथम नव नियुक्त अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया गया तथा आगामी 2 अक्टूबर को हजारीबाग में परिवर्तन यात्रा के समापन पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आगमन पर रांची महानगर की ओर से भारी संख्या में पिछड़ा समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैठक का संचालन महामंत्री राजकुमार महतो एवं धन्यवाद ज्ञापन मुनेश्वर साहू ने किया। बैठक में जौनपुर के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा जाति मोर्चा के कार्यकर्ता इस भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है और भाजपा की सरकार को लाना है। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा पिछड़ा जाति मोर्चा के कार्यकर्ता कमर कस ले और हजारों की संख्या में माननीय मोदी जी की परिवर्तन यात्रा का समापन में हजारीबाग पहुंचे। इस बैठक में विशेष रूप से रांची विधानसभा के प्रवासी नेता उत्तर प्रदेश, जौनपुर के पूर्व विधायक श्री दिनेश चौधरी जी, प्रदेश प्रभारी जागेश्वर प्रजापति, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, दिलीप स्वर्णकार, उमेश रंजन साहू, अशोक साहू, परमेश्वर चौधरी, रमेश बर्मन, गोपाल सोनी जितेंद्र वर्मा, रेखा मंडल, राजेश भगत, विजय चौधरी, राजेश प्रजापति, अमित यादव, अशोक चंचल, उमेश प्रसाद, कुमारी कंचना, मंजू देवी, विपिन बर्मन, रौनक चौधरी, रामायण सोनी, शिव शंकर साहू, सुनील साहू, संदीप भगत, अमित अग्रवाल, सुधीर यादव, पंकज सोनी, बबलू महतो, नरेंद्र साहू, मनीष केसरी, रविंद्र महतो, रविंद्र कुमार, मनोज सोनी, चंदन सिंह, राधेश्याम, जनक प्रसाद साहू, मनोज लाल, दशरथ केसरी, रविंदर वर्मा, संतोष कुमार, रामकिशोर ठाकुर, सुनील विश्वकर्मा, बबलू साहू, सुमित साहू, रवि कुमार बर्मन, राकेश कुमार, कलिंदर साहू, प्रकाश विश्वकर्मा, राजेश कुमार साव, करण कर्मकार, रोशन महतो, रमेश कुमार, सुजीत कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## भाजपा की सरकार बनी तो सीजीएल परीक्षा की होगी सीबीआई जांच : अमर बाउरी

मेट्रो रेज

**रांची :** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ी के आरोप पर झारखंड में राजनीति तेज हो गई है. नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि हम जनता की अदालत में जा रहे हैं. यदि जनता का आशीर्वाद मिला और भाजपा की सरकार बनी तो पहली कैबिनेट बैठक में ही सीजीएल परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने का फैसला लिया जाएगा और इस भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को सलाखों के भीतर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सीजीएल की परीक्षा में बड़े-बड़े दावे किए गए. इसके बावजूद सरकार ने नौकरी को बेचने का काम किया है. उन्होंने कहा कि जिस किसी ने भी इसका विरोध किया, उसको स्थानीय प्रशासन से मिल कर सरकार डराने-धमकाने का काम कर रही है. युवाओं के साथ भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है. उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने इस सरकार को फ्रॉड कह कर संबोधित किया है. भाजपा ने हमेशा कहा है कि यह सरकार झूठ बोल कर सत्ता में आई है। युवाओं को पांच लाख नौकरी देने का वायदा कर सत्ता में हेमंत सरकार आयी है. सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का जिक्र करते



हुए कहा 2019, 2022, 2024 की परीक्षा के कई सारे प्रश्न को दोहराए गए हैं. उन्होंने कहा, आज झारखंड की बदनामी पूरे देश में हो रही है और पूरे देश के लोग झारखंड की काबिलियत पर प्रश्न उठा रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि खामी इस सरकार में है। इस सरकार ने परीक्षा के नाम पर पूरे राज्य का इंटरनेट बंद कर दिया था और कहा कि असम की तर्ज पर यह काम किया है। जबकि असम सरकार ने परीक्षा से काफी पहले सूचना देकर इंटरनेट बंद किया था. इस सरकार ने रात के 2 बजे से ही इंटरनेट बंद कर दिया था, ताकि इनके लोग रात में ही प्रश्न पत्र बांटने का काम कर सकें।

**अमर बाउरी ने कहा कि मेरे पास रात दो बजे ही आ गए थे प्रश्न :** अमर बाउरी का आरोप है कि परीक्षा से पहले ही उत्तर हैंडलर के हाथ में आ गए थे. यहां तक कि उनके पास भी जिस दिन सुबह 8.30 बजे से परीक्षा थी, प्रश्नों का हल किया हुआ कागज रात 2 बजे आ गए थे। उन्होंने कहा कि छात्रों पर सरकार का दबाव ज्यादा है, इसलिए छात्र डरे हुए हैं। भाजपा ने इस गड़बड़ी को प्रमुखता से उठाया है. छात्रों ने जेएसएससी के समक्ष सारे पुख्ता सबूत पेश किए हैं।

**मुख्यमंत्री पाक साफ हैं तो पूरे मामले में करें कार्रवाई :** नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चुनौती देते हुए कहा, सरकार एक भी नौकरी बिना किसी गड़बड़ी के नहीं दे पायी है. सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर कहा कि इस पूरे मामले पर मुख्यमंत्री को सामने आना चाहिए और जेएसएससी के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

## पूजा से पहले चोरी की संभावना,सर्तक रहने की जरूरत

**मुरी :** पूजा से पहले लोग सतर्क रहे,कई मुहल्ले में पुलिस की गश्ती नहीं हो पाती है,आवारा और संदिग्ध किस्म के लडके धंटो जहां तहां दुसरे के घरों के सामने अंधेरे सन्नाटा में बैठे रहते हैं ,उनका बोल चाल उठक बैठक एक दम आवारा किस्म के लडकों जैसा है।कही चोरी हो तो पुलिस किस पर शक करेंगी, पुलिस को चाहिए कि ऐसे आवारा किस्म के लडकों पर गश्ती के दौरान पकडे जाने पर कड़ाई से कारवाई करें।जबकि पूजा से पहले शांति समिति की बैठक में इन बिंदुओं पर चर्चा उठानी चाहिए।

## दुर्गा पूजा में बिहार, दिल्ली, यूपी जानेवालों को ट्रेनों में नहीं मिल रहा कंफर्म टिकट

**रांची :** दुर्गा पूजा में रांची से बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, जम्मू सहित अन्य जगहों पर जानेवाले लोगों को ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है. इस कारण यात्री अन्य विकल्प की तलाश कर रहे हैं. ट्रेन संख्या 18309 संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस में आठ अक्तूबर को स्लीपर में 35 वेटिंग, थर्ड एसी में 15 वेटिंग, 10 अक्तूबर को स्लीपर में 37 वेटिंग व थर्ड एसी में 07 वेटिंग है.

**रांची- दिल्ली गरीब रथ में 111 वेटिंग :** ट्रेन संख्या 12877 रांची-नयी दिल्ली गरीब रथ में आठ अक्तूबर को 111 वेटिंग व 11 अक्तूबर को 90 वेटिंग है.वहीं, ट्रेन संख्या 18105 राउरकेला-जयनगर में आठ अक्तूबर को स्लीपर में 71 वेटिंग व थर्ड एसी में 31 वेटिंग, 10 अक्तूबर को स्लीपर में 53 आरएसी व थर्ड एसी में 21 आरएसी है. ट्रेन संख्या 15027 संबलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस में आठ अक्तूबर को स्लीपर में 44 वेटिंग, थर्ड एसी में 20 वेटिंग, 09 अक्तूबर को स्लीपर में 43 वेटिंग व थर्ड एसी में 74 आरएसी, 10 अक्तूबर को स्लीपर में 17 वेटिंग व थर्ड एसी में 40 आरएसी है।

## चेंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई



**रांची:** झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई। मेरी आवाज मेरी पहचान की टीम ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष परेश गट्टानी और महासचिव आदित्य मल्होत्रा को बूके देकर सम्मानित किया गया । परेश गट्टानी और आदित्य मल्होत्रा ने मेरी आवाज मेरी पहचान की टीम का शुक्रिया अदा किया । उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि मेरी आवाज मेरी पहचान की टीम के साथ चैंबर हमेशा खड़ा है । बधाई देने वालों में बॉलिवुड ऐक्टर देवेश खान, आनंद जालान, कुमार गहलोत, बुलंद अख्तर, कविता होरो, किशन अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## बीजेपी की सरकार बनी तो माताओं-बहनों को हर माह 2100 रुपये दिए जाएंगे : शिवराज सिंह चौहान

**रांची :** केंद्रीय मंत्री और झारखंड बीजेपी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में बीजेपी सरकार बनी तो माताओं-बहनों को 2100 रुपये महीना दिए जाएंगे। साथ ही बताया कि बीजेपी का संकल्प पत्र अंतिम चरण में है। इस पत्र में नौकरी, महिला सशक्तिकरण, किसानों के मुद्दे शामिल हैं। वहीं उन्होंने ये भी कहा कि बीजेपी की सरकार बनते ही कैबिनेट में खाली पदों को भरने का फैसला किया जाएगा। कैलेंडर बना कर समय पर परीक्षी भी कराई जाएगी।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, खूँटी**
Mail Id : eebcdkhunti2021@gmail.com

**रद्द सूचना**

भवन प्रमंडल, खूँटी द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 19 वर्ष 2023–2024 पी0आ0 सं0 322266 Building (23-24)_D की ग्रुप संख्याः 1, 2, 3, 4, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13 एवं 14 को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, खूँटी।

PR.NO.337374 Building(24-25):D

**कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 10/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री तिथि – दिनांक 05.10.24 को 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 07.10.24 को 11:00 बजे पूर्वाहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 07.10.24 को 03:30 बजे अपराह्न तक।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट।

1. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बड़कागॉव | 1. पंचायत पेटो के ग्राम चट्टीपेटो के आगर टोला में डीप बोरिंग का अधिष्ठापन। 2. पंचायत काण्डतरी के ग्राम सोनपुरा के उपर टोला में डीप बोरिंग का अधिष्ठापन। | 1353400.00 | 2500.00 | 27500.00 | छः माह |
| 2 | बड़कागॉव | 1. ग्राम पंचायत बड़कागॉव पश्चिमी में सूर्य मंदिर के समीप डीप बोरिंग का अधिष्ठापन। 2. ग्राम पोटंगा में करमाटिलहा में डीप बोरिंग का अधिष्ठापन। | 1353400.00 | 2500.00 | 27500.00 | छः माह |

नोट :–
1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

PR 337428 Rural Development(24-25)#D

# दुर्गा पूजा से पहले राशन डीलरों के कमीशन में 50 फीसदी की वृद्धि

**रांची :** नवरात्र से पहले झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने पीडीएस डीलर्स को बड़ी सौगात दी है. सरकार ने झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना को संशोधित कर दिया है. शुक्रवार को राजधानी रांची के धुर्वा स्थित मंत्रालय भवन में हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में योजना को संशोधित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई.

**खाद्यान्न योजना के लाभुकों की संख्या 20 लाख से 25 लाख होगी:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में मुफ्त खाद्यान्न योजना के लाभुकों की संख्या 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई. साथ ही राशन वितरण करने वाले डीलर के कमीशन में 50 फीसदी की वृद्धि करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई. राशन डीलरों को पहले प्रति क्विंटल 100 रुपए कमीशन मिलता था, अब उन्हें प्रति क्विंटल 150 रुपए मिलेंगे.

**60 वर्ष बाद डीलर की मौत, तो भी अनुकंपा पर मिलेगी डीलरशिप :** हेमंत सोरेन की सरकार ने जन वितरण प्रणाली से जुड़े एक प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है. इसमें कहा गया है कि झारखंड के अनुज्ञप्तिधारी की 60 साल के बाद अगर मौत होती है, तो भी उनके आश्रित एक साल के भीतर ऑनलाइन आवेदन करेंगे, तो उन्हें अनुकंपा के आधार पर डीलरशिप दी जाएगी. पहले प्रावधान यह था कि 60 साल से कम उम्र में





निधन की स्थिति में अनुकंपा के आधार पर डीलरशिप मिलती थी. 60 साल की उम्र सीमा को हटा दिया गया है।

**झारखंड सरकार के कैबिनेट में हुए 49 फैसले :** हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 49 फैसले लिए गए. इसमें कई महत्वपूर्ण फैसले शामिल हैं. सरकार ने बोकारो जिले में झारखंड के पूर्व शिक्षा एवं मद्य निषेध मंत्री जगरनाथ महतो के नाम पर मेडिकल कॉलेज का नाम रखने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी. पीएम पोषण मध्याह्न भोजन योजना के तहत काम करने वाली रसोईया को अतिरिक्त मानदेय देनेके प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

**कार्यालय, जिला परिषद, राँची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना**
**संख्या –23/2024–2025**

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, राँची : सहायक अभियंता, जिला परिषद राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 07.10.2024 (अपराह्न 2.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 08.10.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 08.10.2024 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, राँची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | शहरी क्षेत्र अंतर्गत अमरावती कॉलोनी चुटिया में पेभर ब्लॉक सहित नाला के ढक्कन का निर्माण कार्य। | 18,49,100.00 | 37,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 02 | कॉके प्रखण्ड के गागी पंचायत के खटंगा ग्राम में श्मशान रोड़ पर महेश महतो के खेत के किनारे गार्डवाल कार्य। | 24,92,000.00 | 50,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 03 | रातू प्रखण्ड के रातू में रिंग रोड के लालु अंसारी के घर से भाया रफीक अंसारी के घर होते हुए सुपरवासिंग कर सेंटर रातू जानेवाली पक्की पथ तक पी0सी0सी0. पथ एवं पुलिया का निर्माण। | 19,12,800.00 | 38,500.00 | 5000.00 | तीन माह |

नोटः 1. निविदा की अन्य शर्तें जिला परिषद, कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में जिला परिषद, राँची अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद राँची

PR 337352 Panchayati Raj(24-25)#D

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 28 सितंबर 2024

संवत 2081, आश्विन कृष्ण 11 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 24 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ अंत्योदय से समृद्ध होगा भारत

सोमी अली ने सोनू निगम पर लगाया धोखा देने और फायदा उठाने का आरोप ◀◀ 6


### धनबाद में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

## 20 हजार रिश्वत लेते कोलियरी प्रबंधक व क्लर्क को धर दबोचा

**मेट्रो रेज**

**धनबाद:** मुगमा क्षेत्र के श्यामपुर बी कोलियरी के प्रबंधक प्रवीण कुमार मिश्रा एवं क्लर्क गौर गोराई को बीस हजार रुपए रिश्वत लेने के जुर्म में शुक्रवार की देर रात सीबीआई की टीम ने प्रबंधक के आवास से रंगे हाथ हिरासत में लिया है। सीबीआई की टीम हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों से मुगमा स्थित ईसीएल के गेस्ट हाउस में पूछताछ की। साथ ही पुलिस की टीम को प्रबंधक के आवास पर भी तैनात किया गया है। हालांकि इस संबंध में सीबीआई की टीम कुछ भी बताने से बच रही है।

बताया जाता है कि हरिया जाम कोलियरी से स्थानांतरित होकर श्यामपुर बी कोलियरी में पदस्थापित मोहम्मद सलीम ने श्यामपुर बी कोलियरी के मैगजीन क्लर्क के पद पर पदस्थापन को लेकर आवेदन दिया था। मो। सलीम से रिश्वत की मांग कोलियरी प्रबंधक पीके मिश्रा ने की था। जिसकी शिकायत उन्होंने सीबीआई से की थी। सीबीआई की टीम ने जाल बिछाकर प्रबंधक व क्लर्क को पैसे लेते रंगे हाथ धड़ दबोचा। इसके बाद सीबीआई की टीम प्रबंधक व क्लर्क को पकड़ कर ले गई।

# बांग्लादेशी घुसपैठ मामला : झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम जायेगी सरकार

**मेट्रो रेज**

**रांची :** संथाल इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने और इसकी जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट द्वारा दिये गये आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जायेगी। राज्य सरकार की ओर से अगले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल कर हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त किये जाने की मांग की जायेगी। एसएलपी दायर करने से पहले सभी कानूनी पहलुओं पर विचार कर लिया गया है। राज्य सरकार हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देगी, जिसमें अदालत ने घुसपैठ की जांच के



लिए केंद्र और राज्य सरकार से फैक्ट फाइंडिंग कमिटी गठित करने और इसके लिए दो अधिकारियों का नाम 30 सितंबर से पूर्व अदालत को बताने का निर्देश दिया था।

**दानयल दानिश की याचिका पर हाईकोर्ट में एक अक्टूबर को होगी सुनवाई :** बता दें कि जमशेदपुर के रहने वाले दानयल दानिश ने बांग्लादेशी मूल के लोगों द्वारा संथाल के इलाके में घुसपैठ का मामला उठाते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इस याचिका पर अब तक की हुई सुनवाई में केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि संथाल इलाके में आदिवासियों की संख्या घटी है और वहां की जमीन मुस्लिम धर्म के लोगों को गिफ्ट डीड के जरिये दी जा रही है। वहीं केंद्र ने अपने हलफनामे में यह भी बताया है कि संथाल इलाके में ईसाई समुदाय के लोगों की संख्या में कई गुणा इजाफा हुआ है और आदिवासियों की आबादी 44 फीसदी से मात्र 28 फीसदी रह गयी है। हालांकि बांग्लादेशी मूल के व्यक्तियों द्वारा घुसपैठ किये जाने को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं दी गयी है। दानयाल दानिश की जनहित याचिका 1 अक्टूबर को सुनवाई के लिए हाईकोर्ट के सूचीबद्ध है।

## लड्डू में पशु चर्बी का मामला: सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुईं तीन याचिकाएं, 30 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली :** तिरुपति मंदिर के लड्डूओं में कथित रूप से पशुओं की चर्बी मिलाने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी समेत तीन लोगों की याचिकाओं पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। भाजपा नेता के अलावा, तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद वाई वी सुब्बा रेड्डी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार 30 सितंबर को सुनवाई करेगा।

सुब्रह्मण्यम स्वामी ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच की मांग की है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू ने आरोप लगाया है कि तिरुपति तिरुमाला मंदिर के प्रसाद में पशुओं के मांस और अन्य सड़े हुए पदार्थों की मिलावट की गई है। जबकि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद वाई वी सुब्बा रेड्डी ने अपनी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज के अधीन स्वतंत्र जांच समिति बनाकर इन आरोपों की जांच कराए जाने की मांग की है।

## चार सार्जेंट मेजर का तबादला, एक का ट्रांसफर रद्द

**रांची :** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने चार सार्जेंट मेजर का तबादला किया है। वहीं एक सार्जेंट मेजर का ट्रांसफर रद्द कर दिया है। डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक, ब्रजेश कुमार को स्पेशल ब्रांच, अजीत कुमार चौबे को जामताड़ा, राजेश रंजन को सीटीसी मुसाबनी और विधान चंद्र शर्मा को सीटीसी मुसाबनी में तबादला किया गया। जबकि अभिनव पाठक का ट्रांसफर रद्द करते हुए उन्हें केंद्रीय वस्त्र भंडार रांची में पदस्थापित किया गया।

## जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**नई दिल्ली :** जम्मू कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। जानकारी के मुताबिक, आदिगाम इलाके में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की खबर है। आदिगाम इलाके में सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच अभी भी गोलीबारी जारी है। पूरे इलाके को घेर लिया गया है।

ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर आतंकियों को दबोचने की कोशिश हो रही है। इस ऑपरेशन में सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां भी शामिल हैं। वहीं प्रशासन पूरे हालात पर नजर बनाए हुए हैं। जम्मू कश्मीर में आतंकियों पर लगातार प्रहार किया जा रहा है। घाटी में आतंकियों पर नकेल कसने के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। हाल ही में अभी किश्तवाड़ के गुरिनाल गांव में सुरक्षाबलों और के बीच मुठभेड़ हुआ था। डन्ना धार वन क्षेत्र के पास सुरक्षाबलों की ओर से संपर्क स्थापित होने के बाद गोलीबारी फिर से शुरू हुई थी।

## आईसीसीआर और झारखंड पर्यटन कला संस्कृति विभाग के बीच एमओयू साइन



**मेट्रो रेज**

**रांची :** भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) और झारखंड पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के बीच एमओयू हुआ। नई दिल्ली के आईसीसीआर परिसर में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। आईसीसीआर के महानिदेशक कुमार तुहिन की उपस्थिति में झारखंड सरकार के कला संस्कृति निदेशक आसिफ एकराम ने और आईसीसीआर की उप महानिदेशक अंजू रंजन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय के उप निदेशक जितेंद्र बहादुर सिंह और प्रशाखा पदाधिकारी विवेक कुमार सिंह उपस्थित रहे।

**कलाकारों को विदेशों में कला का प्रदर्शन करने के लिए मिलेगा विस्तृत मंच :** झारखंड सरकार ने पहली बार आईसीसीआर के साथ राज्य की कला और संस्कृति की अभिव्यक्ति, प्रचार-प्रसार और विकास के क्षेत्र में एमओयू किया है। इससे राज्य की समृद्ध कला संस्कृति का प्रचार-प्रसार विदेशों में किया जा सकेगा। राज्य के कलाकार विदेशों में अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए विस्तृत मंच प्राप्त होगा। इस सांस्कृतिक आदान प्रदान से राज्य के कलाकारों को भी लाभ प्राप्त होगा। बता दें कि 11 नवंबर 2022 को आयोजित सांस्कृतिक सम्मेलन में 21 राज्यों ने पहले ही आईसीसीआर के साथ एमओयू कर लिया है।

**सरकार का विदेशों में बढ़ेगा सांस्कृतिक और राजनयिक संबंध :** आईसीसीआर के महानिदेशक कुमार तुहिन ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष की बात है कि झारखंड सरकार ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे आईसीसीआर और झारखंड सरकार के बीच संबंध बेहतर होंगे। सरकार का सांस्कृतिक और राजनयिक संबंध विदेशों में बढ़ेगा। वहीं झारखंड सांस्कृतिक कार्य निदेशक आसिफ एकराम ने कहा कि इस समझौते पर हस्ताक्षर होने से झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का भारत और विदेशों में प्रचार प्रसार होगा। राज्य के कलाकारों को विदेशों में अपनी कला का प्रदर्शन के लिए विस्तृत मंच प्राप्त होगा। साथ ही विदेशों की कला संस्कृति का झारखंड में प्रदर्शन होने से पर्यटन और कला संस्कृति का विकास होगा। बता दें विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर), देश और विदेश में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और कला से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन और संचालन करती है।



## बेंगलुरु की कोर्ट ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के दिए आदेश

**नई दिल्ली :** बेंगलुरु की एक अदालत ने अब रद्द हो चुके चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली के आरोपों को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जनाधिकार संघर्ष संगठन के आदर्श अय्यर ने निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि चुनावी बांड के जरिए जबरन वसूली की गई।

आरोपों के बाद बेंगलुरु में जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत ने मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। पुलिस ने निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को 'असंवैधानिक' बताते हुए रद्द कर दिया था और कहा था कि यह नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। केंद्र ने 2018 में इस योजना की शुरूआत की थी और इसका उद्देश्य राजनीतिक दलों को मिलने वाले नकद दान की जगह लेना था , ताकि राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता को बेहतर बनाया जा सके। मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने निर्मला सीतारमण के इस्तीफे की मांग की और कहा कि मामले में रिपोर्ट तीन महीने के भीतर प्रस्तुत की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्मला सीतारमण के खिलाफ जनप्रतिनिधियों के लिए स्पेशल कोर्ट में एफआईआर दर्ज की गई है। वे कौन हैं? वे एक केंद्रीय मंत्री हैं और उनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज है। वे चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली में शामिल थीं और उन पर एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद उन्हें अपना इस्तीफा दे देना चाहिए। क्या वे (भाजपा) उनसे इस्तीफा देने के लिए कहेंगे?

# इजराइली हमले से हिल गईं 30 किमी तक की इमारतें, मारी गई हसन नसरुल्लाह की बेटी, हिजबुल्लाह होगा और खूंखार



**बेरूत :** लेबनान के दक्षिणी बेरूत में हिजबुल्लाह के गढ़ों को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्लाह के शीर्ष नेता हसन नसरल्लाह की बेटी जैनब नसरल्लाह की मौत हो गई है। हालांकि, उसकी मौत के बारे में इजराइल, हिजबुल्लाह या लेबनानी अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। चैनल 12 ने अपनी खबर में इस बात का दावा किया है। यदि इस खबर की पुष्टि हो जाती है, तो मौत हिजबुल्लाह के लिए किसी सदमे से कम नहीं होगी। हिजबुल्लाह के लड़ाके इसका बदला लेने के लिए किसी भी सीमा को लांघ सकते हैं।

**इजराइल ने हिजबुल्ला के नेता को निशाना बनाकर किया हमला :** इजराइली सेना ने हिजबुल्ला के नेता को निशाना बनाकर बेरूत स्थित इसके केंद्रीय मुख्यालय पर हमला किया। खबरों की मानें तो एक के बाद एक भीषण विस्फोटों से कई ऊंची इमारतें ध्वस्त हो गईं। इजराइल की सेना की ओर से इस बात की जानकारी दी गई है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 91 अन्य लोग घायल हो गए। लेबनान की राजधानी में इस हमले की वजह से संघर्ष के पूर्ण युद्ध में बदलने की आशंकाएं प्रबल होती नजर आ रही है।

**हसन नसरल्लाह को निशाना बनाकर किया गया हमला :** इस मामले की जानकारी रखने वाले एक अमेरिकी अधिकारी सहित दो अधिकारियों ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि यह हमला हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्लाह को निशाना बनाकर किया गया था। हालांकि इजराइली सेना ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नसरल्लाह हमला स्थल पर मौजूद था या नहीं। इस संबंध में हिजबुल्ला ने भी टिप्पणी नहीं की। मृतकों की संख्या में और वृद्धि होने की आशंका व्यक्त की जा रही है क्योंकि हताहतों की तलाश के लिए 6 इमारतों के मलबे में तलाश अभियान अब भी जारी है।

**बेरूत से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में स्थित इमारतें भी हिल गईं :** लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के अनुसार, बेरूत में दहिया उपनगर के घनी आबादी वाले और मुख्यतः शिया बहुल जिले हरेत हरीक में रात में हुए लगातार विस्फोटों में 6 इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं। खबर में कहा गया है कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इससे बेरूत से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में स्थित इमारतें भी हिल गईं। लेबनान में इजराइल के हवाई हमलों में इस सप्ताह नाटकीय रूप से तेजी आई है। उसने कहा है कि वह अपने क्षेत्र में 11 महीने से अधिक समय से जारी हिजबुल्ला की गोलाबारी को रोकने के लिए कटिबद्ध है।

# टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्लांट में हुआ बड़ा धमाका, मची अफरातफरी



**तमिलनाडु :** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के होसुर के पास टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट में शनिवार की सुबह, लगभग 5:30 बजे प्लांट में एक गंभीर घटना हुई। यह प्लांट उद्दनपल्ली के पास है और यहां मोबाइल फोन एसेसरीज की पेंटिंग यूनिट में आग लगी। आग लगने के बाद, प्लांट से तेज धुएं का गुबार उठता हुआ देखा गया। इस घटना ने आसपास के इलाके में हड़कंप मचा दिया, जिससे कामगारों और स्थानीय लोगों में अफरातफरी फैल गई।

**फायर ब्रिगेड की कार्रवाई :** घटना की सूचना मिलने पर, फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। फायर ब्रिगेड ने तत्परता से काम करते हुए प्लांट के अंदर से सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उनके इस त्वरित प्रयास से किसी भी कर्मचारी को गंभीर नुकसान नहीं हुआ।

**कर्मचारियों की संख्या और सुरक्षा :** इस समय प्लांट में लगभग 1500 कर्मचारी काम कर रहे थे। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि सभी कर्मचारी इमरजेंसी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सुरक्षित हैं। हालांकि, तीन कर्मचारियों को सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ा, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत अब स्थिर है।

**जांच प्रक्रिया :** अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। इस मामले की जांच के लिए पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, प्लांट के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है, और 100 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

**प्लांट की जानकारी :** टाटा का यह प्लांट आईफोन से जुड़ी एसेसरीज का निर्माण करता है, और यहां लगभग 4500 कर्मचारी काम करते हैं। यह प्लांट 500 एकड़ में फैला हुआ है और यहां 24 घंटे काम होता है। इस घटना ने टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए चिंता का विषय उत्पन्न कर दिया है। हालांकि, कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जांच के परिणाम आने के बाद आग लगने के कारणों का स्पष्टता से खुलासा होगा।

## सुविचार

जीवन में सारा खेल बस विचारों का है...
विचार अच्छे रखिए सब अच्छा होगा...

## भारत-बांग्लादेश क्रिकेट मैच की प्रासंगिकता

**बांग्लादेश** इस समय गैर मुस्लिम समुदायों अर्थात अल्पसंख्यकों के लिए जहन्नुम बन गया है चूँकि वहां अल्पसंख्यकों में हिन्दुओं की संख्या अधिक है इसलिए हिंसा और दंगों का असर हिन्दुओं पर ही सर्वाधिक पड़ता है एक समय था जब बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या लगभग बाइस प्रतिशत हुआ करती थी किन्तु आज यह संख्या घटकर लगभग आठ प्रतिशत या इससे भी कम रह गई है क्यों? जानकारों का कहना है कि यदि जिहाद ऐसे ही होती रही तो 2050 तक बांग्लादेश हिंदू विहीन हो जाएगो यहाँ हिन्दू विहीन का अर्थ केवल हिन्दुओं से नहीं अपितु सिख, बौद्ध, ईसाई सभी से है यदि संयुक्त राष्ट्र द्वारा शीघ्र कठोर कदम नहीं उठाए गए तो ये सब-के-सब धीरे-धीरे मिटा दिए जाएँगे कुछ की हत्या कर दी जाएगी, कुछ का धर्मान्तरण हो जाएगा और कुछ भगा दिए जाएंगे या स्वयं भाग जाएँगे प्रश्न भी है कि देखते ही देखते चौदह प्रतिशत हिन्दू घट गए और संसार में कोई हलचल, कोई प्रतिक्रिया या विरोध नहीं हुओ भारत में एक मुसलमान की हत्या होती है तो यह जाने बिना कि इसमें मृतक दोषी था या निर्दोष, हत्या आपसी रंजिश में हुई या अन्य कारण से, जिहादियों ने भारत के सभी हिन्दुओं को असहिष्णु घोषित कर दियो कई मुस्लिम देशों ने विरोध प्रदर्शन कियो मैं यहाँ किसी हत्या का समर्थन नहीं कर रहा, मेरे कहने का आशय यह है कि एक व्यक्ति की हत्या पर पूरी दुनिया में विरोध प्रदर्शन होते हैं और यहाँ 14 प्रतिशत आबादी को मारकाट कर समाप्त कर दिया और संसार में कोई हलचल, आन्दोलन या असहिष्णुता नहीं क्यों?

कहने का आशय यह है कि आज जिस प्रकार बांग्लादेश में हिन्दुओं को मारा जा रहा है, उस समय हम भारत के लोग क्या कर रहे हैं? हम बांग्लादेश के साथ क्रिकेट खेल रहे हैं! यह नीरसता, निष्ठुरता और पलायनवाद ही जिहादियों को जिहाद करने और कट्टरपंथियों को हिन्दुओं पर अत्याचार करने का हौसल देता है भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता सबको पता है भारत-बांग्लादेश के मध्य टी-ट्वेंटी सीरीज का पहला मैच ग्वालियर के नवनिर्मित स्टेडियम में 6 अक्टूबर को होने जा रहा है ग्वालियर में अनेक संगठन इस मैच का विरोध कर रहे हैं सोशल मीडिया पर भी बड़ी संख्या में इसका विरोध किया जा रहा है यदि यह मैच रद्द होता है तो पूरी दुनिया में यह सन्देश जाएग कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार का भारत की जनता विरोध कर रही है मैच का विरोध करने वालों का तर्क है कि इससे बांग्लादेश हिन्दू, बौद्ध, ईसाई ओइक्यो परिषद की उस माँग को बल मिलेगा जिसमें परिषद् संयुक्त राष्ट्र से वर्तमान हिंसा की निष्पक्ष जाँच की मांग कर रही है यह तो सब जानते ही हैं कि बांग्लादेश के आतंकी इस हिंसा की चर्चा को दबा देना चाहते हैं कम्युनिस्ट मीडिया और बुद्धिजीवी इसे राजनीतिक हिंसा का रूप देकर मामले को बदलना चाहते हैं इस्लामिस्ट और कम्युनिस्ट मिलकर इसे सांप्रदायिक या इस्लामिक हिंसा के स्थान पर संपत्ति आदि का झगड़ा सिद्ध करने के प्रयास में हैं ऐसे में भारत का बांग्लादेश के साथ क्रिकेट खेलना कम-से-कम इस समय ठीक नहीं है इससे वहां के अल्पसंख्यकों की लड़ाई कमजोर पड़ सकती है। विडंबना है कि वहां हिंदू, बौद्ध, ईसाई और सिख चारों को निशाना बनाया जा रहा है सभी के धार्मिक स्थल तोड़े जा रहे हैं सबके घरों में आग लगाई जा रही है किंतु भारत के हिंदू, बौद्ध, ईसाई और सिख चारों मिल कर इस आतंकवाद का विरोध नहीं कर रहे, क्यों ? यद्यपि सिक्खों ने विरोध किया है किन्तु उतना नहीं जितना अपेक्षित थो सोशल मीडिया पर ऐसी अपीलें भी की जा रही हैं कि हिंदू, बौद्ध, ईसाई और सिख आओ हम सब मिलकर एक साथ बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के समर्थन में खड़े होकर इस मैच को रद्द करने की मांग करें इस विरोध से यह मैच रद्द होगा कि नहीं यह तो समय बताएगा किन्तु इस विरोध में एक बात बहुत सकारात्मक है वह यह कि बांग्लादेश के सभी गैर इस्लामिक लोग एक साथ भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं किन्तु भारत में कट्टर इस्लामिस्ट और कम्युनिस्ट गठजोड़ इतना सक्रिय है कि वह हर उस आवाज को दबाने का प्रयास करता है जो हिन्दुओं के पक्ष में उठती है मैच के पक्ष और विपक्ष में लोगों की अलग-अलग राय हो सकती है किन्तु समय के औचित्य पर तो प्रश्न उठता ही है` मान लीजिये बांग्लादेश के स्थान पर यह घटना पाकिस्तान में हुई होती वहां ठीक इसी प्रकार हिन्दुओं के गाँव-के-गाँव जला दिए जाते, हिन्दू महिलाओं के साथ बलात्कार होते, मंदिर तोड़े जा रहे होते (जैसा कि वहाँ भी होता रहता है) तब क्या भारत, पाकिस्तान के साथ ऐसे ही मैच खेलता? क्या भारत की जनता पाकिस्तानी क्रिकेटरों का ऐसे ही गर्मजोशी से स्वागत करती? यदि नहीं तो पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस आतंकवाद पर विराम लगने से पहले बांग्लादेश के खिलाड़ियों का स्वागत भला कैसे किया जा सकता है?

# विश्व के शक्तिशाली देशों की सूची में भारत तीसरे स्थान पर

**भारत ने चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। आर्थिक क्षमता एवं भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता के क्षेत्र में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, सैन्य क्षमता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक प्रभाव के क्षेत्र में भारत को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। अब केवल अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं एवं जापान, आस्ट्रेलिया एवं रूस भारत से पीछे हो गए हैं। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक विश्व की महान शक्तियों में भारत का कहीं भी स्थान नजर नहीं आता था। केवल अमेरिका, रूस, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स आदि देशों को ही विश्व में महाशक्ति के रूप में गिना जाता था।**

**प्रहलाद सबनानी**

आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। 'एशिया पावर इंडेक्स 2024' नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहले ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 के प्रतिवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2023 के इंडेक्स में भारत को 36.3 अंक प्राप्त हुए थे जो वर्ष 2024 के इंडेक्स में 2.8 अंक से बढ़कर 39.1 अंकों पर पहुंच गए हैं एवं भारत इस इंडेक्स में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है।

एशिया पावर इंडेक्स 2024 को विकसित करने के लिए कुल 27 देशों और क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों का आंकलन एवं सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है। एशिया में जो नए शक्ति समीकरण बन रहे हैं उनका ध्यान भी इस इंडेक्स में रखा गया है तथा विभिन्न मापदंडों पर आधारित पिछले 6 वर्षों के आकड़ों का विश्लेषण कर यह इंडेक्स बनाया गया है। आर्थिक क्षमता, सैन्य (मिलिटरी) क्षमता, अर्थव्यवस्था में लचीलापन, भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध एवं सांस्कृतिक प्रभाव जैसे मापदंडो पर उक्त 27 देशों एवं क्षेत्रों का आंकलन कर विभिन्न देशों को इस इंडेक्स में स्थान प्रदान किया गया है।

उक्त इंडेक्स में अमेरिका, 81.7 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। चीन 72.7 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। भारत ने इस इंडेक्स में 39.1 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जापान को 38.9 अंक, आस्ट्रेलिया को 31.9 अंक एवं रूस को 31.1 अंक प्राप्त हुए हैं एवं इन देशों का क्रमशः चतुर्थ, पांचवा एवं छठवां स्थान रहा है। इस इंडेक्स में प्रथम 5 स्थानों में से 4 स्थानों पर ह्लक्वाडह्व के सदस्य देश हैं - अमेरिका, भारत, जापान एवं आस्ट्रेलिया। एशिया में अमेरिका की लगातार बढ़ती मजबूत ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि, चीन की मजबूत मिलिटरी ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जापान के इस इंडेक्स में तीसरे से चौथे स्थान पर आने के कारणों में मुख्य कारण उसकी आर्थिक स्थिति में लगातार आ रही गिरावट है।

भारत ने चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। आर्थिक क्षमता एवं भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता के क्षेत्र में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, सैन्य क्षमता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक प्रभाव के क्षेत्र में भारत को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। अब केवल अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं एवं जापान, आस्ट्रेलिया एवं रूस भारत से पीछे हो गए हैं। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक विश्व की महान शक्तियों में भारत का कहीं भी स्थान नजर नहीं आता था। केवल अमेरिका, रूस, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स आदि देशों को ही विश्व में महाशक्ति के रूप में गिना जाता था। अब इस सूची में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

उक्त इंडेक्स तैयार करते समय आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि अन्य शक्तिशाली देशों का भी आकलन किया गया है। साथ ही, विश्व में तेजी से बदल रहे शक्ति के नए समीकरणों का भी व्यापक आंकलन किया गया है। इस आकलन के अनुसार अमेरिका अभी भी एशिया में सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बना हुआ है। चीन तेजी से आगे बढ़ कर दूसरे स्थान पर आया है। तेजी से बढ़ती सेना एवं आर्थिक तरक्की चीन की मुख्य ताकत है। उक्त प्रतिवेदन में यह तथ्य भी बताया गया है कि उभरते हुए भारत से अपेक्षाओं एवं वास्तविकताओं में अंतर दिखाई दे रहा है। इस प्रतिवेदन के अनुसार, भारत के पास अपने पूर्वी देशों को प्रभावित करने की सीमित क्षमता है। परंतु, वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है।

भारत अपने पड़ोसी देशों नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बंगलादेश, म्यांमार एवं अफगानिस्तान आदि की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारी मदद करता रहा है। आसियान के सदस्य देशों की भी भारत समय समय पर मदद करता रहा है एवं इन देशों का भारत पर अपार विश्वास रहा है। कोरोना के खंडकाल एवं श्रीलंका, म्यांमार तथा अफगानिस्तान में आए सामाजिक संघर्ष के बीच भारत ने इन देशों की मानवीय आधार पर भरपूर आर्थिक सहायता की थी एवं इन्हें अमेरिकी डॉलर में लाइन आफ क्रेडिट की सुविधा भी प्रदान की थी ताकि इनके विदेशी व्यापार को विपरीत रूप से प्रभावित होने से बचाया जा सके। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार भारत के पास भारी मात्रा में संसाधन मौजूद हैं एवं जिसके बलबूते पर आगे आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास को और अधिक गति मिलने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। साथ ही, भारत अपने पड़ोसी देशों की आर्थिक स्थिति सुधारने की भी क्षमता रखता है। भारत ने हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। जिसके चलते लगातार तेज हो रहे आर्थिक विकास के बीच सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति और बेहतर हो रही है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मान्यता बढ़ रही है। साथ ही, बहुपक्षीय मंचों पर भी भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ती जा रही है।

भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है। अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है एवं भारत में ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत में हाल ही में अपनी कूटनीतिक एवं राजनयिक क्षमता में भी भरपूर सुधार किया है एवं इसके बल पर वैश्विक स्तर पर न केवल विकसित देशों बल्कि विकासशील देशों को भी प्रभावित करने में सफल रहा है। यूक्रेन एवं रूस युद्ध के समय केवल भारत ही दोनों देशों के साथ चर्चा कर पाता है एवं युद्ध को समाप्त करने का आग्रह दोनों देशों को कर पाता है। इसी प्रकार, इजराईल एवं हमास युद्ध के समय भी भारत दोनों देशों के साथ युद्ध समाप्त करने की चर्चा करने में अपने आप को सहज एवं सक्षम पाता है। आपस में युद्ध करने वाले दोनों देश भारत की सलाह को गम्भीरता से सुनते नजर आते हैं। भारत ने कभी भी विभिन्न देशों के आंतरिक स्थितियों पर अपनी विपरीत राय व्यक्त नहीं की है और न ही कभी उनके आंतरिक मामलों में कभी हस्तक्षेप किया है। इस दृष्टि से वैश्विक पटल पर भारत की यह विशिष्ट पहचान एवं स्थिति है। दक्षिण एशिया के देशों में चीन अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है इसलिए भारत का पूरा ध्यान इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को कम कर अपने प्रभाव को बढ़ाना है। इसी मुख्य कारण से शायद भारत दक्षिण एशिया के देशों पर अधिक ध्यान देता दिखाई दे रहा है। जिसका आशय उक्त प्रतिवेदन में यह लिया गया है कि विश्व के अन्य देशों को सहायता करने की भारत की क्षमता तो अधिक है परंतु अभी उसका उपयोग भारत नहीं कर पा रहा है। हिंद महासागर पर भारत का ध्यान अधिक है और क्वाड के सदस्य देश मिलकर भारत की इस दृष्टि से सहायता भी कर रहे हैं। दक्षिण एशियाई देशों के अलावा विश्व के अन्य देशों की मदद करने के संदर्भ में भारत ने हालांकि अभी हाल ही के समय में बढ़त तो बनाई है परंतु अभी और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत में आगे बढ़ने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं।

उक्त प्रतिवेदन में भारत को एशिया को तीसरा सबसे बड़ा ताकतवर देश बताया गया है परंतु वस्तुतः भारत अब एशिया का ही नहीं बल्कि विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ताकतवर देश बन गया है क्योंकि इस सूची में एशिया के बाहर से अमेरिका को भी एशिया में पहिले स्थान पर बताया गया है। एक अन्य अमेरिकी थिंक टैंक का आकलन है कि भारत यदि इसी रफ्तार से आगे बढ़ता रहा तो इस शताब्दी के अंत तक भारत, चीन एवं अमेरिका को भी पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक शक्तिशाली देश बन जाएगा।

**(लेखक, आर्थिकि मामलों के विशेषज्ञ एवं स्तम्भकार हैं)**

# अंत्योदय से समृद्ध होगा भारत

**भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकारें अंत्योदय के सिद्धांत को लेकर शासन कर रही हैं। भाजपा के अनुसार एकात्म मानववाद और अंत्योदय का दर्शन पार्टी के मार्गदर्शक सिद्धांतों में से एक है। इस सिद्धांत को हम सबका साथ सबका विकास के साथ मिला हुआ देख सकते हैं जो गरीब, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार द्वारा तय की गई नीतियों में भी नजर आता है।**

**डॉ. सौरभ मालवीय**

देश की समृद्धि के लिए अंत्योदय अत्यंत आवश्यक है। अंत्योदय का अर्थ है- समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय। दूसरे शब्दों में- समाज के सबसे निचले स्तर के लोगों का विकास करना ही अंत्योदय है। अंत्योदय के बिना देश उन्नति नहीं कर सकता, क्योंकि जब तक देश के अति निर्धन वर्ग का उत्थान नहीं होता, तब तक वह मुख्यधारा में सम्मिलित नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में देश भी समृद्ध नहीं हो पाएगा। इसलिए अंत्योदय आवश्यक है।

जनसंघ के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का नारा दिया था। अंत्योदय उनका सपना था। वे कहते थे कि आर्थिक योजनाओं तथा आर्थिक प्रगति का माप समाज के ऊपर की सीढ़ी पर पहुंचे हुए व्यक्ति नहीं, बल्कि सबसे नीचे के स्तर पर विद्यमान व्यक्ति से होगा। अंत्योदय के माध्यम से केवल भारत ही नहीं, अपितु समग्र विश्व का विकास हो सकता है। इसके सुनियोजित योजना एवं उत्तरदायित्व आवश्यक है। विश्व के बहुत से विकसित राष्ट्र हालांकि किसी भी योजना के बिना ही वर्तमान आर्थिक विकास की दर प्राप्त करने में सफल रहे हैं, जिससे कुछ लोगों को यह अनुभव हो रहा है कि योजनाएं न केवल अनावश्यक हैं, अपितु निहायत अवांछनीय भी हैं। इसके बावजूद आम सहमति इस बात पर भी है कि यदि अविकसित राष्ट्र थोड़े समय में वही हासिल करना चाहते हैं, जो विकसित देशों ने लगभग एक शताब्दी में प्राप्त किया है तो विकास को अपनी प्राकृतिक गति पर नहीं छोड़ा जा सकता। विकास की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भी एक प्रयास करना पड़ेगा और यह प्रयास नियोजित ढंग से होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 सितंबर, 2014 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 98वीं जयंती के अवसर पर अंत्योदय दिवस की घोषणा की थी, तभी से यह दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचाना है, ताकि वे भी प्रगति करके समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित हो सकें। आर्थिक उन्नति के साथ-साथ यह दिवस समाज में व्याप्त असमानताओं के उन्मूलन के लिए कार्य करने की प्रोत्साहित करता है। इसके अतिरिक्त यह दिवस विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देता है, जिससे निर्धनों एवं वंचित वर्गों के लोगों को उनके कल्याण के लिए संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके तथा वे इसका लाभ उठा सकें। सरकार इन वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है।

दीनदयाल अंत्योदय योजना के कई घटक हैं, जिन्हें अलग-अलग समय पर प्रारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 सितंबर, 2014 को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भी प्रारंभ की। इसका उद्देश्य निर्धन ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम पारिश्रमिक के समान या उससे अधिक मासिक पारिश्रमिक प्रदान करना है। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए की क्रियान्वित की जा रही है। इससे पूर्व 24 सितंबर, 2013 को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन प्रारंभ किया गया था। इसके अंतर्गत शहरी निर्धनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने एवं उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान दिया जाता है। इससे पूर्व 25 सितंबर, 2004 को दीनदयाल अंत्योदय उपचार योजना प्रारंभ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत निर्धन रोगियों को एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की जाती है।

उल्लेखनीय है कि सरकार अंत्योदय अन्न योजना संचालित कर रही है। यह योजना 25 दिसंबर 2000 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रारंभ की गई थी। इसे केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय द्वारा लागू किया गया था। इसका उद्देश्य सार्वजनिक वितरण परमाली द्वारा देश के सबसे निर्धन लोगों को रियायती दरों पर भोजन उपलब्ध करवाना है। इस योजना के अंतर्गत निर्धन परिवारों को 35 किलो राशन प्रदान किया जाता है। इसमें 20 किलो गेहूं और 15 किलो चावल सम्मिलित होता है। इसके अंतर्गत गेहूं तीन रुपये प्रति किलोग्राम और चावल दो रुपये प्रति किलोग्राम की दर से दिया जाता है। इसे सबसे पहले राजस्थान में लागू किया गया था। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि कच्ची नौकरियों में निर्धन परिवारों के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें वे परिवार सम्मिलित हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है। कोरोना काल से यह राशन निःशुल्क कर दिया गया।

भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकारें अंत्योदय के सिद्धांत को लेकर शासन कर रही हैं। भाजपा के अनुसार एकात्म मानववाद और अंत्योदय का दर्शन पार्टी के मार्गदर्शक सिद्धांतों में से एक है। इस सिद्धांत को हम सबका साथ सबका विकास के साथ मिला हुआ देख सकते हैं जो गरीब, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार द्वारा तय की गई नीतियों में भी नजर आता है। दीनदयाल जी और उनकी आर्थिक नीतियों ने हमेशा गरीबों की भलाई पर जोर देने की बात की है। उनके आर्थिक विचार में पंक्ति के अंतिम पड़ाव पर खड़ा व्यक्ति शामिल रहा है। उन्होंने कहा था कि ह्यआर्थिक नीति निर्धारण और प्रगति की सफलता का पैमाना यह नहीं है कि समाज के सबसे शीर्ष पर मौजूद व्यक्ति को उससे कितना फायदा मिल रहा है बल्कि यह है कि समाज पर जो लोग सबसे नीचे हैं उन्हें उन नीतियों का कितना फायदा मिला है। अंत्योदय का मतलब समाज के सबसे निचले स्तर पर मौजूद व्यक्ति का कल्याण है। उन्होंने यह भी कहा था कि यह हमारी सोच और हमारे सिद्धांत हैं कि ये गरीब और अशिक्षित लोग हमारे ईश्वर हैं, यही हमारा सामाजिक और मानवीय धर्म है।

उनके इसी अंत्योदय के विचार से प्रेरित होकर केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मौजूद एनडीए सरकार और तमाम प्रदेशों में शासन करने वाली भाजपा सरकारें अंत्योदय के रास्ते पर बढ़ने की ओर अग्रसर हैं तथा गरीब, ग्रामीण एवं किसानों के लिए और समाज के सबसे शोषित वर्ग से आने वाले युवाओं और महिलाओं के कल्याण की ओर प्रतिबद्ध हैं। गरीब को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए औसत जीवन स्तर में बढ़ोतरी हुई है। मुद्रा, जनधन, उज्जवला, स्वच्छता मिशन, शौचालयों का निर्माण, दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना, आवास योजना, सस्ती दवाएं और इलाज, इन सभी योजनाओं पर कार्य को आगे बढ़ा दिया गया है।

**(लेखक, लखनऊ विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)**

# प्रभु श्रीराम भगवान शंकर की प्रशंसा किये बिना रह न पाये

## धर्म-अध्यात्म

भगवान शंकर ने अपने वैराग्य के माध्यम से समस्त संसार को बताया, कि कैसे अपने अतिप्रिय के बिछुडने के पश्चात स्वयं को संभाला जाता है। अगर हम भी संसार के जीव की भाँति हों, तो हम भी किसी मदिरा के नशे में धुत होकर यहाँ कहीं पड़े रहते। लेकिन हम अपने जीवन चरित्र द्वारा आपको समझाना चाह रहे हैं, कि जीवन में बड़े से बड़ा स्नेही भी क्यों न दूर हो जाये, तुम डगमगाना मत। रोना धोना भी मत। बस प्रभु के श्रीचरणों में स्वयं को समर्पित कर देना। आठों पहर उनके गुनगाण सुनना। फिर देखना आपका प्रत्येक पल पूजा हो जायेगा। क्योंकि इस मनुष्य जीवन की एक ही उपलब्धि है, कि हर श्वाँस के साथ हरि का सुमिरन किया जाये।

भगवान शंकर को प्रभु श्रीराम जी ने इतना कठिन व्रत करते देखा, तो वे उनकी त्याग तपस्या व महान व्रत की प्रशंसा किये बिना रह न पाये। श्रीराम जी को यह भक्ति भाव ही तो प्रसन्न करता है। इसी कारण भगवान श्रीराम भोले नाथ के समक्ष प्रगट हो गये-

**'प्रगटे रामु कृतग्य कृपाला।**
**रुप सील निधि तेज बिसाला।**
**बहु प्रकार संकरहि सराहा।**
**तुम्ह बिनु अस ब्रतु को निरबाहा।।'**

इसके पश्चात गोस्वामी तुलसीदास जी ने जो लिखा, उस पर थोड़ा चिंतन बनता है। गोस्वामी जी कहते हैं-

**'बहुबिधि राम सिवहि समुझावा।**
**पारबती कर जन्मु सुनावा।।**
**अति पुनीत गितिजा कै करनी।**
**बिस्तर सहित कृपानिधि बरनी।।'**

अर्थात प्रभु श्रीराम जी ने भोले नाथ को बहुत प्रकार से समझाया। और श्रीपार्वती जी के पावन जन्म व उनकी महान करनी सुनाई।

प्रश्न उठता है, कि भगवान शंकर आखिर नासमझ थे क्या, जो प्रभु श्रीराम जी ने उन्हें समझाया? अथवा वे किसी उचित दिशा में नहीं बह रहे थे? यहाँ प्रभु श्रीराम जी की प्रभुता का दर्शन होता है। यहाँ वे भगवान शंकर को नहीं, अपितु आम जन मानस को संदेश दे रहे हैं। संदेश यह, कि संसार में आये हैं, तो निश्चित ही हमारा सर्वोपरि कार्य ईश्वर की आराधना ही है। संसार के प्रति वैराग्य होना, हमें भगवान के प्रति दृढ़ भाव देता है। किंतु संसारिक जीव के जीवन में केवल वैराग्य की ही महानता नहीं है। उसमें राग भाव का होना भी अति आवश्यक है। उसमें रुप, रस एवं रंग के प्रति आकर्षण ही समाप्त हो जायेगा, तो इस सृष्टि का विस्तार कैसे होगा? सृष्टि तो मानों रुक ही जायेगी। इसलिए सर्वप्रथम वैराग्य में दक्ष होने के पश्चात, हमें राग रंग में भी उतरना होगा। इसीलिए श्रीराम जी श्रीपार्वती जी के जन्म की गाथा व उनकी महान करनी सुनााते हैं।

**- सुखी भारती**

## पत्र

### बिहार में नदियों के पानी का लेवल घटा है, मुसीबत नहीं!

बिहार में कुछ नदियों का जलस्तर घटने के बावजूद कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बरकरार है। पटना और उसके आसपास के इलाकों में गंगा नदी का जलस्तर घट रहा है लेकिन अन्य जिलों में कई नदियों में जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में रहने वाले लोग प्रभावित हो रहे हैं। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, गंगा के किनारे लगभग 12 जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है और निचले इलाकों में रहने वाले लगभग 12.67 लाख लोग और कुल 361 ग्राम पंचायतें प्रभावित हुई हैं। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक, इन जिलों की संबंधित जिलों द्वारा बचाव और राहत कार्यों में लगभग 1400 नावों का उपयोग किया जा रहा है। इन 12 जिलों में सरकार द्वारा कुल आठ राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं। निचले इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों को निकालकर शिविरों में लाया गया है। बिहार के इन 12 बाढ़ प्रभावित जिलों में बक्सर, भोजपुर, सारण, वैशाली, पटना, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार शामिल हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को हाजीपुर में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बनाए गए राहत शिविर का दौरा किया और अधिकारियों को सहायता और राहत प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

**मीना देवी, सोनपुर**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

### चंपाई के गढ़ में कल्पना से मिलने उमड़ा जनसैलाब

# कल्पना ने लोगों से पूछा- हेमंत दादा को जिताएंगे न

मेट्रो रेज

**सरायकेला :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान यात्रा के तहत रोड शो कार्यक्रम में विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी और मंत्री रामदास सोरेन शामिल हुए सरायकेला जिले के कांड्रा मोड़ पर रोड शो पहुंचा वहां मौजूद जनसैलाब ने कल्पना सोरेन का जोरदार अभिनंदन किया

**महिलाओं ने किया सम्मान**

कांड्रा मोड़ पहुंचते ही विधायक कल्पना सोरेन अपनी कार के छत पर जा बैठीं उन्हें देख लोगों का उत्साह दोगुना हो गया रोड शो करते हुए कल्पना सोरेन ने महिलाओं से संवाद भी किया कल्पना सोरेन की एक झलक पाने जनसैलाब में मौजूद महिलाएं आतुर दिखीं मौके पर महिलाओं ने पत्ते से बने झारखंडी टोपी और माला कल्पना सोरेन को भेंट की



### वाहन की छत पर बैठ कर किया संबोधित

अपने वाहन की छत पर बैठकर कल्पना सोरेन ने लोगों का अभिवादन करते हुए पूछा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि उनके खाते में आ रही है ना हेमंत दादा जिताएंगे ना इस दौरान पत्रकारों को कल्पना सोरेन ने कहा कि मंईयां सम्मान यात्रा का यह जनसैलाब संकेत दे रहा है कि राज्य की महिलाओं का सरकार ने सम्मान किया है जन समर्थन हेमंत सोरेन और गठबंधन को मिल रहा है

### कल्पना के आगे फीकी रही मंत्रियों की चमक

रोड शो करने पहुंचीं कल्पना सोरेन की एक झलक पाने महिलाओं का हुजूम सड़कों पर उमड़ा पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर कल्पना सोरेन ने कहा कि यह मेरी यात्रा नहीं है मंत्री बेबी देवी ने यात्रा की शुरूआत की है, उनका साथ देने हम सभी आए हैं कांड्रा मोड़ में रोड शो करने के बाद कल्पना सोरेन और झामुमो मंत्रियों का काफिला आगे सभा की ओर निकल पड़ा

# मीट दुकानदारों पर अब जिला प्रशासन सख्त



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** मुख्य मार्ग में खुले आसमान के नीचे मीट मछली मुर्गा दुकान लगाने वाले दुकानदारों पर अब जिला प्रशासन सख्ती करते हुए सभी दुकानदारों को गोराबाड़ी हटिया परिसर में एक जगह सिफ्ट करने जुटी। उपायुक्त हेमंत सती के निदेर्शानुसार शनिवार को सदर एसडीओ अंगरनाथ स्वर्णकार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दल बल के साथ कुलीपाड़ा, घाट रोड, बादशाह चौक समीप पहुंचकर खुले में मीट मछली मुर्गा दुकान लगाने वालो को सख्त निर्देश देकर गोराबाड़ी हटिया परिसर में एक जगह दुकान लगाने का सख्त निर्देश दिया। वही बादशाह चौक समीप मुख्य मार्ग को अतिक्रमण करके मीट मछली मुर्गा सहित अन्य दुकान लगाने वालो को दोपहर तक दुकान हटाने का सख्त निर्देश दिया गया। सब्जी मंडी मोल समीप निर्माण सामग्री गिट्टी रखकर मार्ग को अवरूद्ध करने पर मकान मालिक को दोपहर तक गिट्टी हटाने का सख्त निर्देश दिया गया। वही दुकान के अंदर मीट मुर्गा बेचने वाले दुकानदारों को काला शीशा से दुकान को पूरा पैक करके दुकान के अंदर मीट मुर्गा बेचने का सख्त निर्देश दिया। वरना सख्त करवाई की जाएगी।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### डीएसओ ने जनता दरबार में सुनी लोगों की फरियाद

**गढ़वाः** जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) राम गोपाल पांडेय ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया उन्होंने जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास, भूमि सीमांकन, नामांतरण, मजदूरी बकाया भुगतान, मुआवजा, रोजगार, नौकरी देने आदि समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी गई साथ ही यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान छाया कुमारी पंचायत समिति सदस्य ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी प्रखंड मेराल ने आवेदन पत्र समर्पित कर बताया कि मेराल प्रखंड अंतर्गत मेराल पूर्वी पंचायत में अयोग्य लाभुकों को अबुवा आवास देने एवं ग्रामीण जनता से आर्थिक दोहन करने का मामला सामने आया है उन्होंने बताया कि संबंधित पंचायत सेवक द्वारा अबुआ आवास के योग्य लाभुकों को लाभ न देकर अयोग्य लाभुकों को लाभ दिया गया है उन्होंने अबुआ आवास योजना के तहत मेराल प्रखंड के मेराल पूर्वी पंचायत में गड़बड़ी होने का मामला बताया है और उन्होंने इस मामले की जांच कराते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। भंडरिया प्रखंड की प्रेमदानी कुजूर ने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया उन्होंने बताया कि विगत वर्ष 2020 में ही नया राशन कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया कराई गई है, जो कि अभी तक नहीं बन पाया है सदर प्रखंड के ग्राम जाटा कल्याणपुर निवासी सीता देवी, चिंता देवी, अनीता देवी एवं उषा कुमारी आदि ने रोजगार के लिए आवेदन देकर समाहरणालय परिसर गढ़वा में माली के रूप में काम करने का आग्रह किया आवेदन के माध्यम से बताया कि वे लोग एक गरीब परिवार से आते हैं एवं आय श्रोत का कोई साधन नहीं है इस प्रकार बारी-बारी से अन्य लोगों ने भी विभिन्न प्रकार की समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा आमजनों से प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारीयों को कार्रवाई के निर्देशित किया गया

### रिमझिम बारिश के बीच पतना में लगा छाता मेला



**साहिबगंज/पतना :** आगामी नवरात्री व दुर्गा पूजा की तैयारियां बरहरवा व पतना के विभिन्न क्षेत्रों में जोर शोर से शुरू हो चुकी है।जगह जगह बड़े पंडालों का सौन्दरीकरण के साथ विस्थापन दुर्गा पूजा समितियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है।प्रत्येक वर्ष की भाँति दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में पूजा हवन शुरू होने के पूर्व छाता मेला का आयोजन पतना प्रखंड के पतना चौक स्थित छाता डंगाल मैदान में होता आया है ,शुक्रवार को भी रिमझिम बारिश के बीच पतना छाता मेला लगी जहाँ आस पास के ग्रमीण व शहरी क्षेत्रों के लोग बच्चे बूढे सभी घूमने व मेले का आनंद लेने आये।उक्त छाता मेला में आदिवासी समुदाय के लोगों द्वारा रीतिरिवाजों एवं पारम्परिक तरीके के साथ ढोल नगाड़े बजाते हुए झुंड बनाकर मेले में लकड़ी व बाँस से बने भव्य छाता लेकर छाता डंगाल मैदान में गाडकर मेले का आगाज करते है।हालांकि बारिश के कारण मेला थोड़ा प्रभावित तो हुई परन्तु लोग भारी संख्या में मेले का आनंद लेने पहुँचे है,वहीं बरहरवा व पतना में लगभग 12 से 15 स्थानों में प्रत्येक वर्ष भव्य प्रतिमा के साथ माँ दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाता है।और आगामी पूजा को लेकर बड़े बड़े पंडालों और साज सज्जा जैसी विभिन्न तैयारियाँ जोरो के साथ शुरू हो गई है।

### झारखण्ड युवा सदन में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे सोयेब अख्तर



**साहिबगंज/बरहरवा :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र बरहरवा प्रखंड ग्राम पंचायत मिजार्पुर के निवासी सोयेब अख्तर पिता मुस्लिम शेख का झारखंड युवा सदन 4.0 में चियानित हुआ। इस वर्ष तीन दिवसीय 27, 28 एवं 29 सितंबर राजधानी रांची में युवा सदन आयोजित होना है। जिसमे पाकुड़ विधानसभा के विधायक रूप में प्रतिनिधित्व करेंगे। बताते चले की साहिबगंज जिला अंतर्गत बीएसके कॉलेज बरहरवा के एनएसयूआई महासचिव है एवं विगत कई वर्षों से छात्रों का आवाज है। समाजसेवी एवं एनएसएस में कार्यरत रह चुके हैं। जिस कारण हमेशा चर्चा में बना रहता है यहां लोकप्रिय छात्र नेता है हमेशा से छात्रों के हित में आवाज उठाते हैं छात्रों के साथ उनके न्याय के लिए लड़ते हैं। जिसके कारण यह एक चर्चित चेहरा बना हुआ है। झारखंड युवा सदन कार्यक्रम झारखंड सरकार के खेल एवं युवा विभाग के सहयोग से हर वर्ष आयोजन किया जाता है। जिसका उद्देश्य राज्य के कोने कोने से उन युवाओं को जो लोक एवं समाजिक हितों का चिंतन करता हैं। उन्हें एक मंच पर लाकर राजनीति के बारे में प्रेरित करना है। साथ ही युवाओं के अंदर छिपे हुए राजनीतिक प्रतिभा एवं नेतृत्व क्षमता को परखना और निखारना है। राज्य से विभिन्न विधानसभाओं क्षेत्र से युवा का चयनित किया गया है। सोयेब अख्तर ने बताया कि मुझे इस बात की बहुत ही खुशी है कि मुझे पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से युवा सदन जैसे कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला। गांव का एक मध्यम वर्गीय लड़का यहां तक पहुंचा है तो आप सबका सहयोग, स्नेह और आशीर्वाद से ही मैं इस तक पहुंच पाया हूं। आपका स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी प्रेरणा एवं ऊर्जा है।जो मुझे जनसेवा करने हेतु प्रेरित करती है।

### सरायकेला में दोहरे हत्याकांड में दस आरोपित गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**सरायकेला।** जिला पुलिस ने कुचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत दरभंगा ओपी के ग्राम बिजार में बीते 13 सितंबर को हुए पति-पत्नी के दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए हत्याकांड में शामिल सभी दस आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गौरतलब है कि बीते 13 सितंबर को जिले के कुचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत दलभंगा ओपी क्षेत्र के ग्राम बिजार में सोमा सिंह मुंडा और उसकी पत्नी सिजाड़ी देवी की हत्या धारदार हथियार और गोली मारकर कर दी गई थी। घटना के एक दिन बीतने के बाद 14 सितंबर को पुलिस को घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। हत्याकांड के बाद मृतक के परिजन सुखलाल मुंडा द्वारा हत्या मामला दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने अनुसंधान प्रारंभ करते हुए दोहरे हत्याकांड में शामिल कुल 10 आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# विद्यालय के अनुरूप शिक्षक ही नही हैं : प्रभारी

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया में कक्षा 6 के छात्रों का पठन पाठन बाधित।बता दे की एक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा विद्यालय को उत्कृष्ट घोषित कर दिया गया है। दूसरी और विद्यालय के अनुरूप शिक्षक ही नही है। जिससे पढ़ाई नही हो पा रही है।ताजा मामला तब सामने आया जब विद्यालय के प्रभारी सुमन राय से कक्षा 6 के छात्राओं को लेकर बात की गई तो बताएं की कक्षा 6 के छात्रों के लिए अब तक किताब उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिसके चलते हम लोगों को पढ़ने में भी काफी दिक्कत आ रही है।अब सवाल या उठता है कि स्कूल को सीबीएससी तो घोषित कर दिया गया लेकिन बच्चों को शिक्षा बेहतर नहीं मिल पा रही।हाफ इयरली एग्जाम भी एक-दो दिनों में होना है।ऐसे में बच्चे कैसे उत्कृष्ट हो पाएंगे इस संबंध में शिक्षा विभाग के एसडीओ लक्ष्मण यादव से बात की गई तो बताया की मेरे पास इसका डाटा उपलब्ध नहीं है मैं डाटा उपलब्ध करा कर बताता हूं लेकिन खबर लिखे जाने तक डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया।

### राजमहल सांसद विजय हांसदा ने बाढ़ प्रभावित सदर प्रखंड के दियारा इलाकों का लिया जायजा

# बाढ़ पीड़ितों के बीच बांटी राहत सामग्री

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** राजमहल सांसद विजय हांसदा ने शुक्रवार को झामुमो जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी,एमटी राजा,केंद्रीय समिति सदस्य प्रो नजरुल इस्लाम,प्रो मोजम्मिल हक सहित अपर समाहर्ता गौतम भगत के साथ बोट के माध्यम से सदर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित दियरा इलाकों का जायजा लिया।सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्पष्ट निर्देश है कि बाढ़ पीड़ितों के बीच हर हाल में राहत सामाग्री का वितरण हो।इस दौरान सांसद ने कारगिल दियारा पहुंच वहां डियारावासियों से बाढ़ के हालात की जानकारी ली।वहीं कारगिल दियारा के 3 वार्डों के बाढ़ पीड़ितों के बीच सूखा राशन का वितरण किया।इसके उपरांत लालबथानी व अन्य दियारा इलाकों के लिए निकले ही थे कि खराब मौसम में घिर गए। जिसके चलते उन्हें वापस लौटना पड़ा।सांसद ने बताया कि मुख्यमंत्री की नजर बाढ़ के हालात पर है।राहत व बचाव के लिए सीएम चिंतित हैं। उन्होंने जिला प्रशासन को पीड़ित नागरिकों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।प्रशासन भी बेहतर काम कर रही है।मौके पर सदर सीओ विजय कुमार,नईम अंसारी,राजू अंसारी, गोपाल यादव,आदित्य यादव,मो नुमान सहित अन्य मौजूद थे।

# नमामि गंगे समिति की बैठक गंगा नदी के संरक्षण के लिए विशेष निर्देश

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त साहेबगंज हेमंत सती की अध्यक्षता में नमामि गंगे समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गंगा नदी के संरक्षण, घाटों के विकास और स्वच्छता को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री प्रबल गर्ग एवं नमामि गंगे समिति के अन्य सदस्य भी इस बैठक में उपस्थित थे।गंगा घाटों का विकास और सुविधाओं का निर्माण उपायुक्त श्री हेमंत सती ने शकुंतला घाट के तहत कई विकास कार्यों का निर्देश दिया, जिसमें बच्चों के खेलने के लिए पार्क का निर्माण, घाटों में बैरिकेडिंग, शौचालयों का निर्माण और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था शामिल थी। इसके साथ ही, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने गंगा घाट रोड से मीट और मछली मार्केट को हटाने के निर्देश दिए, जिससे घाटों की स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, दुर्गा पूजा से पहले स्टेशन रोड से कुलीपड़ा होते हुए नमामि गंगे घाट तक स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का भी आदेश दिया गया, ताकि क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी रहे।एजीटी के आदेश के तहत विसर्जन व्यवस्थाबैठक में एनजीटी राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों के आलोक में विसर्जन के लिए विशेष कुंडों के निर्माण पर जोर दिया गया। साहेबगंज और राजमहल में विशेष विसर्जन कुंड बनाए जाएंगे, जहां श्रद्धालु मूर्ति विसर्जन कर सकेंगे। यह निर्णय गंगा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए लिया गया है। इसके साथ ही, घाटों पर पहले से लगे सोलर लाइट्स को फिर से चालू करने के निर्देश दिए गए, जिससे रात के समय घाटों पर सुविधाएं बढ़ाई जा सकें।घाटों पर रैंप, शेड और बैठने की सुविधाएंमुक्तेश्वर घाट और नमामि गंगे घाट पर रैंप का निर्माण, बैठने के लिए शेड और कुर्सियों का प्रावधान करने का निर्णय भी लिया गया। इससे घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।पर्यावरण-अनुकूल विसर्जन और जुमार्ने का प्रावधान सभी विसर्जन और पूजा समितियों के लिए यह निर्देश दिया गया कि वे एनजीटी के आदेशों का सख्ती से पालन करें। मूर्तियों का निर्माण बायोडिग्रेडेबल और पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से ही किया जाना चाहिए। यह भी निर्देशित किया गया कि गंगा नदी में केवल चिन्हित कुंडों में ही मूर्ति विसर्जन किया जाए, अन्यथा पूजा समितियों के अध्यक्षों पर ?50,000 तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। पूजा सामग्री के प्रबंधन के लिए विशेष डस्टबिन गंगा नदी में पूजा सामग्री न फेंकी जाए, इसके लिए घाटों पर विशेष डस्टबिन का निर्माण किया जाएगा। श्रद्धालु अपनी पूजा सामग्री को इन डस्टबिन में डाल सकेंगे, जिससे गंगा नदी को स्वच्छ रखा जा सके। नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए साइन बोर्ड एनजीटी के आदेशों के अनुसार, चिन्हित घाटों पर नियमों और निदेर्शों से संबंधित साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालु नियमों का पालन करते हुए गंगा नदी में विसर्जन कर सकें।

### विश्रामपुर में ब्रह्मदेव ने लोगों से किया संवाद

**पलामू :** विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के टोना और भंडार में आयोजित एक जनसभा के दौरान ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष, समाजसेवी और विधानसभा प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद ने जनता से संवाद किया इस सभा का आयोजन राकेश कुमार ने कियाबीडी प्रसाद ने वहां उपस्थित लोगों से आशीर्वाद और सहयोग की कामना की उन्होंने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पूरे झारखंड के ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों को एकजुट करके उनके हक और अधिकारों के लिए संगठित करना है उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य इन समुदायों को उनका हक दिलाना है और इसके लिए हमें सभी का सहयोग और समर्थन आवश्यक है इस जनसभा में सत्येंद्र साव, कार्तिक साव, गणेश साव, मुकन साव, जितेंद्र साव, आकाश कुमार, आतिश प्रजापति, कंचन साव आदि शामिल थे।

# उद्यान विभाग ने फलदार पौधे का किया वितरण



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिला उद्यान कार्यालय साहिबगंज द्वारा अभिसरण के माध्यम से सपाटू और बैर पौधा का वितरण वित्तीय वर्ष 2024- 25 राज्य बागवानी मिशन योजना अंतर्गत जेएसएलपीएस एग्री क्लीनिक, एफपीओ एवं जेटीडीएस द्वारा चयनीत कृषकों के बीच पौध वितरण किया जा रहा है।जिले के राजमहल बोरियो बड़हरवा बरहेट तालझारी एवं उधवा में कुल 9 हैक्टेयर भूमि के लिए सपाटू और 10 हेक्टर भूमि के लिए बैर पौधा का वितरण किया जा रहा है। राजमहल में फलदार पौधे का वितरण राजमहल जिला परिषद सदस्य सुष्मिता देवी , राजमहल कस्बा पंचायत के उप मुखिया आनंदी मंडल जी द्वारा किया गया। मौके पर उद्यान विभाग से प्रेम पासवान, राजमहल जीएसएलपीएस से निमाई जी, नमिता दास ,वंदना देवी, बरहरवा उद्यान मित्र मंटू रजक, बागवान मित्र यहूले शेख बाबूजी सोरेन राजेंद्र शाह एवं प्रवाह एन जी ओ से शंकर महतो ,राजेश कुमार मंडल किसान, चंदा देवी, रविंद्र प्रसाद, जानकी देवी एवं अन्य किसान मौजूद थे।

# जामताड़ा में इंडिया गठबंधन पर बरसीं बीजेपी की पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी

मेट्रो रेज

**जामताड़ा :** पश्चिम बंगाल बीजेपी की पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी शुक्रवार को जामताड़ा में आयोजित भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल हुईं इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन में शामिल दलों पर जमकर निशाना साधा साथ ही झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ पर भी अपनी बात रखी



### लोगों को सावधान रहने की जरूरत

लॉकेट चटर्जी ने बांग्लादेश के वर्तमान हालात का जिक्र करते हुए कहा कि यहां भी बहुत बड़ी साजिश चल रही है यदि हम सावधान नहीं हुए तो बांग्लादेश जैसी स्थिति यहां भी उत्पन्न हो सकती हैगौरतलब हो कि झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा की ओर से परिवर्तन यात्रा शुरू की गई है परिवर्तन यात्रा के माध्यम से बीजेपी हेमंत सरकार को बदलने की रणनीति तैयार की है हालांकि बीजेपी इसमें कितना सफल होगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा लेकिन परिवर्तन यात्रा में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है।

**तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप**

जामताड़ा के यज्ञ मैदान में शुक्रवार को आयोजित बीजेपी की परिवर्तन यात्रा सभा में पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के तमाम दल के नेता हिंदुत्व को खत्म करने की साजिश रच रहे हैं साथ ही उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं

लॉकेट चटर्जी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता लोकसभा चुनाव में भी देश भर में घूम-घूम कर झूठा प्रचार कर नरेंद्र मोदी की सरकार को केंद्र में आने से रोकने का भरपूर प्रयास किया था, लेकिन इसमें वह सफल नहीं हुए और फिर से केंद्र में मोदी की सरकार बन गई

बीजेपी की पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी ने बांग्लादेशी घुसपैठ को सबसे बड़ा मुद्दा बताया है उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के कोलकाता के माध्यम से बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में प्रवेश कर रहे हैं और यहां की जमीन को कब्जा कर रहे हैं

लॉकेट चटर्जी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए अपनी पहचान छुपा कर गलत पहचान हिंदू नाम बताकर यहां की आदिवासी लड़कियों से शादी कर ले रहे हैं और भी चुनाव में जनप्रतिनिधि बनकर शासन करने का काम कर रहे हैं।

# कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया-3' का टीजर रिलीज




अक्षय कुमार और विद्या बालन अभिनीत 'भूल भुलैया' 2007 में रिलीज़ हुई थी। इसके बाद 2022 में 'भूल भुलैया-2' की रिलीज के बाद दर्शकों ने कार्तिक के काम को सराहा। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 185 करोड़ रुपये की कमाई की। अब इस फिल्म का तीसरा पार्ट आ रहा है और इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस टीजर में कार्तिक आर्यन के साथ विद्या बालन भी नजर आ रही हैं, जिसने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। 'भूल भुलैया-3' एक नवंबर को रिलीज होगी।

**विद्या की वापसी और पहले एपिसोड की यादें**

टीज़र की शुरुआत 'अमी जे तुमार' गाने से होती है और इसके साथ ही हमें विद्या बालन की वापसी की झलक भी मिलती है। इस बार वह एक भारी कुर्सी उठाकर जोर-जोर से चिल्लाती नजर आ रही हैं। इस सीन को देखकर 'भूल भुलैया' के पहले एपिसोड का वह खौफनाक सीन याद आ जाता है। कार्तिक आर्यन एक बार फिर भूत पकड़ने वाले किरदार 'रूह बाबा' के रूप में वापस आ गए हैं। उसे मंजुलिका की आत्मा को पकड़ने का काम दिया गया है। इस एपिसोड में तृप्ति डिमरी कार्तिक की गर्लफ्रेंड के रोल में नजर आ रही हैं। ऐसी अफवाह थी कि माधुरी दीक्षित भी फिल्म का हिस्सा होंगी, लेकिन टीज़र में वह नजर नहीं आईं।

**'सिंघम अगेन' से बड़ी टक्कर**

'भूल भुलैया-3' की रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' से बड़ी टक्कर होगी। दोनों फिल्में एक ही दिन रिलीज होंगी और 'सिंघम अगेन' में 'सिंघम', 'सिम्बा' और 'सूर्यवंशी' के सभी बड़े सितारे एक साथ आएंगे। इस वजह से यह फिल्म दर्शकों के बीच काफी दिलचस्पी पैदा कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार और जैकी श्रॉफ जैसे बड़े सितारे हैं।

### 'भूल भुलैया-3' में डर की झलक

इस फिल्म की कहानी, पटकथा और संवाद आकाश कौशिक ने लिखे हैं। टीजर से साफ है कि 'भूल भुलैया 3' कॉमेडी से ज्यादा हॉरर की ओर झुकी हुई है। 'स्त्री 2' की सफलता ने इस शैली की फिल्मों में दर्शकों की रुचि बढ़ा दी है।

## 'आदिपुरुष' विवाद पर सैफ ने तोड़ी चुप्पी



बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान हमेशा चर्चा में रहते हैं। कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुके सैफ को फिल्म 'आदिपुरुष' के चलते ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। उन्होंने ओम राउत की फिल्म में रावण का किरदार निभाया था लेकिन इसके चलते सैफ को ट्रोल किया गया। फिल्म पर हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने का भी आरोप लगा था लेकिन सैफ ने इस बारे में चुप रहना ही बेहतर समझा। अब सैफ ने पहली बार 'आदिपुरुष' पर हो रही ट्रोलिंग पर कमेंट किया है। सैफ अपनी आने वाली फिल्म 'देवरा पार्ट 1' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में सैफ के साथ जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म के मौके पर दिए एक इंटरव्यू में सैफ ने आदिपुरुष पर टिप्पणी की थी। हाल ही में सैफ ने दिए एक इंटरव्यू में कहा, ₹मैंने नहीं सोचा था कि इस स्तर की ट्रोलिंग होगी। कोर्ट ने एक मामले में कहा था कि एक अभिनेता स्क्रीन पर जो कुछ भी कहता है, वह अभिनेता की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा, ₹बहुत से लोग जो सोचते हैं वह कह और कर नहीं पाते। इसलिए हमें सावधान रहना होगा। नहीं तो हम मुसीबत में पड़ सकते हैं लेकिन जब धर्म, राजनीति के बारे में बात करें तो हमें हमेशा अपने शब्दों का इस्तेमाल सोच-समझकर करना चाहिए। धर्म जैसे कुछ मुद्दे हैं जिनसे आपको दूर रहने की जरूरत है, हम इस बारे में विवाद पैदा करने नहीं आये हैं।₹ सैफ की वेब सीरीज तांडव के कारण भी उन्हें ट्रोल किया गया था। सैफ ने कहा है कि उन्होंने अपने काम से इन चीजों से दूर रहना सीखा है।

## सोमी अली ने सोनू निगम पर लगाया धोखा देने और फायदा उठाने का आरोप



सलमान खान की पूर्व गर्लफ्रेंड के रूप में पहचानी जाने वाली सोमी अली एक बार फिर चर्चा में हैं। अब वह एक गायिका हैं और उन्होंने सोनू निगम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक लंबा वीडियो शेयर किया और उसे कैप्शन दिया। इसमें वह कहती हैं, 'लोग ऐसे ही होते हैं और इसी तरह आपका फायदा उठाते हैं। सोनू निगम दूसरों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों का वीडियो बनाते हैं। मैं सदमे में हूं। सोमी ने आगे लिखा, 'मेरे मन में इस शख्स के लिए बहुत सम्मान था लेकिन किसी किताब को उसके कवर से अच्छी या बुरी नहीं आंका जा सकता। यकीन मानिए मेरे साथ धोखा हुआ है और मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकती। मुझे अभी भी इस पर विश्वास नहीं हो रहा है। जिस शख्स ने मेरे साथ ऐसा किया है उसका नाम सोनू निगम है। सोमी ने कहा, 'उससे दूर रहो। उसे वीडियो बनाना पसंद है। उन्होंने मेरा इस्तेमाल और दुर्व्यवहार किया है।' ऐसे लोग समाज के लिए खतरनाक हैं। हालाँकि मुझे उसके गाने बहुत पसंद हैं। मुझे उम्मीद नहीं थी कि वो इस स्तर तक चला जायेगा। वीडियो में सोमी कहती हैं कि कुछ समय पहले मैंने अपना खुद का टॉक शो शुरू किया था। मैंने कुछ लोगों का इंटरव्यू भी लिया। एक आदमी अंदर आया और बहुत ज्ञानवर्धक बातें कही। यह सुनकर मुझे लगा कि वह सचमुच समझदार आदमी है। वह जो कहता है उस पर स्वयं विश्वास करता है लेकिन बाद में जब मैंने उनके फायदे के लिए उनसे संपर्क किया तो उन्होंने मेरे मैसेज का कोई जवाब नहीं दिया।




## प्राइम वीडियो ने अपनी सीरीज़ 'द ट्राइब' का ट्रेलर किया रिलीज़

प्राइम वीडियो ने आज अपनी आगामी ओरिजिनल रियलिटी सीरीज 'द ट्राइब' के रोमांचक ट्रेलर को रिलीज़ किया। यह नौ-एपिसोड की अनस्क्रिप्टेड सीरीज धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन ने बनाई है, जिसमें इंडस्ट्री के दिग्गज करण जौहर, अपूर्व मेहता, और अनीशा बेग एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर्स के रूप में शामिल हैं। 'द ट्राइब' में पांच युवा, ग्लैमरस और समृद्ध कंटेंट क्रिएटर्स, अलाना पांडे, अलविया जाफ़री, सृष्टि पोरे, अर्याना गांधी, और अल्फिया जाफ़री, और हार्दिक जावेरी के सफ़र पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह सीरीज इन व्यक्तियों की शानदार और नाटकीय ज़िंदगी के पीछे की झलक को दिखाती है, जब वे अपने परिवारों को छोड़कर अपनी आरामदायक ज़िंदगी से बाहर निकलते हैं और अपने सपनों को पूरा करने के लिए लॉस एंजेलिस में बसने का साहसिक कदम उठाते हैं। यह रियलिटी ड्रामा 4 अक्टूबर को हिंदी में, अंग्रेजी सबटाइटल्स के साथ, भारत और दुनिया भर में प्राइम वीडियो पर विशेष रूप से प्रीमियर होगा। 'द ट्राइब' प्राइम मेंबरशिप में नवीनतम जोड़ी गई है।

## एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'टीवीएफ़' की बड़ी जीत, पंचायत सीजन 3 ने जीता बेस्ट कॉमेडी प्रोग्राम अवॉर्ड

टीवीएफ़' (द वायरल फीवर) ने पंचायत सीजन 3 की रिलीज के साथ फिर से दर्शकों का दिल जीत लिया है। यह शो अपनी भरोसेमंद और आसानी से कनेक्ट होने वाली कहानियों की वजह से पॉपुलर बना हुआ है। अपने ह्यूमर और दिलचस्प कहानी के लिए पहचाना जाने वाला यह शो 'टीवीएफ़' को अपने दर्शकों की नब्ज पहचानने में एक लीडिंग प्लेटफॉर्म बना चुका है। हाल ही में 'टीवीएफ़' ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में बड़ी जीत दर्ज की है, जहां उसे कई अवॉर्ड्स मिले, जिनमें 'पंचायत सीजन 3' के लिए बेस्ट कॉमेडी प्रोग्राम का अवॉर्ड भी शामिल है। इस कमाल की उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, 'टीवीएफ़' ने सोशल मीडिया पर जीत की घोषणा करते हुए एक पोस्टर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, देख रहा है बिनोद!? 'पंचायत सीजन 3' एशियाई एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में नेशन विनर है! हमारे कमाल की कास्ट और क्रू का बहुत-बहुत धन्यवाद! यहां और भी मज़ेदार पल, अप्रत्याशित मोड़ और ऐसे मीम्स हैं जो कभी पुराने नहीं होते।

**अपने एक पोस्ट ने लिखा है**

सपने सच होते हैं! यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि सपने वर्सेज एवरीवन ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2024 में बेस्ट ब्रांडेड प्रोग्राम जीता है! हमारी कमाल की टीम और कहानी कहने की ताकत में विश्वास रखने वाले सभी लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद। यहाँ और ज्यादा सपने, ज्यादा हलचल और बहुत सारी जीत की कामना है। इस साल 'टीवीएफ़' ने अपने शानदार शो जैसे सपने वर्सेज एवरीवन, वेरी पारिवारिक, पंचायत सीजन 3, कोटा फैक्ट्री सीजन 3, गुल्लक सीजन 4 और अरेंज्ड कपल के साथ अवॉर्ड्स में बड़ी जीत हासिल की है। इन सफलताओं के साथ 'टीवीएफ़' डिजिटल स्टोरीटेलिंग में लीडर बना हुआ है।




# बोरा हेरारा की पहली हैट्रिक की बदौलत एफसी गोवा ने ईस्ट बंगाल को हराया

**एजेंसी**



**कोलकाता :** एफसी गोवा के स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर बोरा हेरारा ने इंडियन सुपर लीग 2024-25 सीजन की पहली हैट्रिक जमाई। उनकी इस हैट्रिक की मदद से गौर्स ने शुक्रवार रात विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले गए आईएसएल 2024-25 सीजन मुकाबले में ईस्ट बंगाल एफसी को 3-2 से हरा दिया। एफसी गोवा की सीजन की पहली जीत में हेरारा ने 13वें, 30वें और 71वें मिनट में गोल किए। हेरारा को शानदार हैट्रिक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। गोवा की इस जीत से स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज निश्चित रूप से राहत महसूस कर रहे होंगे। एफसी गोवा तीन मैचों में एक जीत, एक ड्रा और एक हार से चार अंक लेकर तालिका में दसवें से पांचवे स्थान पर आ गई है। वहीं, रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड की लगातार तीसरी हार से स्पेनिश हेड कोच कार्लेस कुआड्राट बेहद निराश होंगे। ईस्ट बंगाल एफसी तीन मैचों में तीन हार के कारण खाता खोले बिना तालिका में 12वें स्थान पर बनी हुई है। मैच का पहला गोल 13वें मिनट में आया, जब स्पेनिश मिडफील्डर बोरा हेरारा ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। बायीं तरफ से सर्बियाई विंगर डेजान ड्रैजिक ने क्रॉस डालकर गेंद को बॉक्स के अंदर डाला, जिसको ईस्ट बंगाल के गोलकीपर देबजीत मजूमदार ने आगे की ओर डाइव लगाकर को क्लीयर जरूर किया लेकिन गेंद ज्यादा दूर नहीं गई और सामने पहुंचे हेरारा ने दाहिने पैर से गेंद को बॉटम लेफ्ट कॉर्नर के अंदर भेज दिया। 20वें मिनट में स्पेनिश मिडफील्डर बोरा हेरारा ने अपना दूसरा गोल करके एफसी गोवा की बढ़त को 2-0 कर दिया। गोलकीपर लक्ष्मीकांत कट्टीमनी ने अपने बॉक्स ठीक बाहर से एक एरियल थ्रू-पास मैदान के अकैटिंग थर्ड पर खेला, जहां विंगर बोरिस सिंह ने ईस्ट बंगाल के सेंटर-बैक हेजारी माहेर से गेंद छीनी और फिर बॉक्स के अंदर घुसने के बाद उन्होंने गोललाइन के करीब से गेंद को माइनस करके सेंटर किया जहां मौजूद हेरारा ने इस बार बाएं पैर से गेंद को हल्का सा लॉब करके बॉटम लेफ्ट कॉर्नर के अंदर भेज दिया जबकि गोलकीपर देबजीत मजूमदार अपने दाहिनी तरफ डाइव लगाकर भी बचाव नहीं कर पाए। 29वें मिनट में फ्रेंच मिडफील्डर मादिह तलाल ने पेनल्टी किक पर गोल करके ईस्ट बंगाल को कुछ राहत पहुंचाते हुए स्कोर 1-2 कर दिया। ईस्ट बंगाल को पेनल्टी किक के रूप में यह सुनहरा मौका 28वें मिनट में मिला, जब सेंटर-बैक निंगदोर्जी तमांग ने अपने बॉक्स के अंदर तलाल की पीछे से गिरा दिया और रैफरी ने तुरंत लंबी सीटी बजाकर पेनल्टी किक का इशारा किया। इसके बाद तलाल ने करारा राइट फुटर शॉट लगाकर गेंद को लेफ्ट कॉर्नर के अंदर गोलजाल में उलझा दिया जबकि गोलकीपर लक्ष्मीकांत कट्टीमनी गलत अनुमान के साथ विपरीत दिशा की तरफ डाइव लगा बैठे। 71वें मिनट में स्पेनिश मिडफील्डर बोरा हेरारा ने हैट्रिक पूरी करके एफसी गोवा की बढ़त को 3-1 कर दिया। राइट-बैक उदांता सिंह ने दाहिनी तरफ टच लाइन के करीब से थ्रू-पास बॉक्स के ठीक बाहर निकाला, जिस पर हेरारा गेंद लेकर बॉक्स के अंदर घुसे और फिर करारा लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गेंद को सीधे गोलजाल में उलझा दिया जबकि गोलकीपर देबजीत मजूमदार अपने से निकले बुलट शॉट पर बायां हाथ भी नहीं लगा पाए। 85वें मिनट में स्थानापन्न फॉरवर्ड डेविड लालहलनसांगा ने गोल करके ईस्ट बंगाल को कुछ राहत पहुंचाते हुए स्कोर 2-3 कर दिया। सेंटर-बैक अनवर अली ने लगभग तीस गज की दूरी से करारा शॉट लगाया, जिसे गोलकीपर कट्टीमनी ने ब्लॉक जरूर किया लेकिन रिबाउंड पर आगे गिरी गेंद को डेविड ने बाएं पैर से गोल जाल में उलझा दिया।

## इंग्लैंड दौरे से बाहर हुए चोटिल कैमरन ग्रीन



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी कैमरन ग्रीन पीठ की चोट के कारण मौजूदा इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गए हैं और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनकी भागीदारी पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा कि ग्रीन की चोट की पूरी गंभीरता उनके पर्थ पहुंचने पर आकलन के बाद निर्धारित की जाएगी। भारत के खिलाफ पहला टेस्ट लगभग दो महीने दूर है, पहला टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगा। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने चेस्टर-ले-स्ट्रीट में तीसरे वनडे के बाद दर्द की शिकायत की, जहां उन्होंने गेंद से 45 रन देकर 2 विकेट लिए और बल्ले से 45 रन बनाए। प्रारंभिक स्कैन में पीठ की चोट का पता चला, जिससे उन्हें भारत के खिलाफ आगामी महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले घर लौटना पड़ा। ग्रीन को उनके कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में दूसरे वनडे से आराम दिया गया था, लेकिन उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ सभी तीन टी20 मैच खेले थे। चोटों के मामले में ऑस्ट्रेलिया का अब तक ब्रिटेन का दौरा निराशाजनक रहा है और नाथन एलिस, जेवियर बार्टलेट, रिले मेरेडिथ और बेन ड्वारशुइस के बाद ग्रीन पांचवें खिलाड़ी हैं जो चोटिल हुए हैं।

## बांग्लादेशी प्रशंसक ने लिया यू टर्न, कहा-अस्वस्थ महसूस कर रहा था

कानपुर यहां ग्रीन पार्क में शुक्रवार को भारत और बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन कथित विवाद के केंद्र में रहे एक बांग्लादेशी प्रशंसक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बांग्लादेशी सुपरफैन रॉबी ने शुरू में कहा था कि उन्हें अन्य प्रशंसकों से कुछ हिंसा का सामना करना पड़ा है, लेकिन बाद में अस्पताल में उन्होंने यू टर्न लेते हुए कहा कि वह कानपुर की गर्मी में निर्जलीकरण से पीड़ित होने के बाद अस्वस्थ महसूस कर रहे थे। लंच ब्रेक के दौरान रॉबी को अपने चेहरे पर बाघ की धारियां रंगे हुए गेट से बाहर निकलते हुए और मीडिया कर्मियों के लिए बनाए गए गेट के पास आता हुआ दिखाई दिया। सुरक्षा अधिकारियों और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के अधिकारियों ने उन्हें कुर्सी दी, उन्हें पानी की पेशकश की और जल्द ही उन्हें चिकित्सा सुविधा तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की। उस समय रिकॉर्ड किए गए वीडियो में रोबी को बेचैनी में दिखाया गया था, और जबकि उसके शब्द अस्पष्ट थे, उसने संकेत दिया कि उसकी पीठ के निचले हिस्से में पीछे से मुक्का मारा गया था।

## न्यूज ब्रीफ



### चान्हो-मांडर पहुंची भाजपा की परिवर्तन रथ यात्रा, हुआ स्वागत

**चान्हो/मांडर:** भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन रथ यात्रा का भव्य स्वागत चान्हो और मांडर में हुआ, जब यह लोहरदगा से होकर इन क्षेत्रों में पहुंची। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रथ यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया और नेताओ ने स्वर्गीय सोमा टाना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रथ यात्रा को जुलूस के रूप में मांडर के माल्टोटी गांव तक पहुंचाया गया, जहां भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय निवासियों ने रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे, जिनमें समीर उरांव, सुदर्शन भगत, गणेश मिश्रा, विनय लाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष नेहा सिंह, सन्नी टोप्पो, गंगोत्री कुजूर, नीतू कुजूर, रामनरायण भगत और प्रदीप महली सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। रथ यात्रा के दौरान नेताओं ने जनता से संवाद करते हुए पार्टी के विचारों और आगामी चुनावों में समर्थन जुटाने के लिए अपील की। इस यात्रा का उद्देश्य राज्य में भाजपा के संदेश और नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना है, जिससे आगामी चुनावों में पार्टी को समर्थन मिल सके।

### भगत सिंह की 117वीं जयंती पर उत्तम यादव बैठक उपवास पर

**रांची:** शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती है परंतु भगत सिंह जी की प्रतिमा पिछले डेढ़ वर्षो से थाने में कैद है थाने में बंद है थाने में सैकड़ो कबाड़ गाड़ियों के बीच में भगत सिंह की प्रतिमा रखना दुर्भाग्य है सरकार एवं प्रशासन सोई हुई है उन्हें जगाने को लेकर आज मजबूरन राष्ट्रीय युवा शक्ति के द्वारा उनकी जयंती पर मोराबादी मैदान में जिस स्थान पर भगत सिंह जी की प्रतिमा का स्थान दिया गया था उस स्थान पर एकदिवसीय उपवास पर बैठे हैं। आज हमारा उपवास कार्यक्रम एकदिवसीय है अगर सरकार एवं जिला प्रशासन 5 अक्टूबर तक अगर भगत सिंह की प्रतिमा के लिए स्थान नहीं देती है तो 6 अक्टूबर को भगत सिंह की प्रतिमा को थाने से छुड़ाकर हजारों हजार की संख्या में लेकर निकलेंगे और किसी स्थान पर लगाएंगे । भगत सिंह ने मात्र युवावस्था में ही देश को आजाद करने के लिए अंग्रेजों के द्वारा कितनी यातनाएं सही फिर भी देश प्रेम का मनोबल नहीं डोला हंसते-हंसते 23 मार्च 1931 को फांसी पर चढ़ गए हैं। आज के धरना में प्रणव कुमार बब्बू,, सोनू गुप्ता, संजय तिवारी, उमेश साहू, रंजन माथुर, प्रकाश सिन्हा, राहुल गुप्ता, रोशन साहू, अजीत गुप्ता, अजय कुमार विनोद कुमार सिंह डॉ अजय नाथ शाहदेव शामिल हुए।

### सत्यव्रत ठाकुर को भाजपा नेता ने किया सम्मानित



**सिमडेगा:** भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा, सिमडेगा पार्वती शर्मा महाविद्यालय के प्राचार्य महोदया सह चक्रीय विकास संस्थान के संयोजक श्री सत्यव्रत ठाकुर को झारखंड रत्न सम्मान से सम्मानित होने पर अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। श्री बेसरा ने कहा कि नागपुरी नृत्य एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान से जिले का नाम रोशन किया है , आप भविष्य में भी ऐसे उल्लेखनीय कार्य करते हुए देश प्रदेश का नाम रोशन करने की कामना करते हैं। मौके पर दुर्गविजय सिंहदेव अनुप केसरी, दीप नारायण दास, सुदर्शन सिंह, कृष्णा राय कोटवार इत्यादि भाजपा कार्यकर्ता ने भी सम्मानित किया एवं उनके लिए मंगल कामना किया।

### मजदूरों की समस्या को लेकर डीसी से मिले अनुराग लुगुन



**सिमडेगा:** जलडेगा प्रखंड के विलियम चौक से बांसजोर तक सड़क निर्माण कार्यों में मजदूरी करने वाले कई मजदूरों को मजदूरी का भुगतान अबतक नहीं किया गया है इसको लेकर शहीद विलियम लुगुन युवा मोर्चा के अध्यक्ष सह कांग्रेस एसटी मोर्चा जलडेगा प्रखण्ड अध्यक्ष अनुराग लुगुन ने उपायुक्त से मुलाकात की । अनुराग लुगुन ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य भारद्वाज कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है और 6 माह बितने के बाद भी मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है जिससे ग्रामीण मजदूरों को अपने घर परिवार चलाने के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं। लुगुन ने यह आरोप भी लगाया कि सड़क निर्माण कार्यों में लगे मुंसी एवं ठेकेदारों का व्यवहार ग्रामीणों के प्रति ठीक नहीं है जिसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है । लुगुन ने बताया कि उपायुक्त के द्वारा जांच कराकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन मिला है। मौके पर शहीद विलियम लुगुन युवा मोर्चा जलडेगा के अध्यक्ष सह कांग्रेस एसटी मोर्चा जलडेगा प्रखण्ड अध्यक्ष अनुराग लुगुन,कोलेबिरा विधानसभा जिला विधायक प्रतिनिधि एवं कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष अमर टोपनो उपस्थित थे।

### उमवि जामकुदर में एसएमसी का पुनर्गठन किया गया

**कसमार :** कसमार प्रखंड के जामकुदर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन पर्यवेक्षक सहायक शिक्षक उत्क्रमित उच्च विद्यालय टांगटोना के अरूण विजय एक्का की उपस्थिति में किया गया। सर्वसम्मति से अर्जुन चन्द्र पाल को अध्यक्ष, बेबी देवी को उपाध्यक्ष व दीपा देवी को संयोजिका चुना गया है। साथ ही राम प्रसाद मांझी, सुमन देवी,प्रकाश प्रमाणिक, प्रवीन कुमार नायक, ममता देवी, सबिता देवी, सुभाष कुमार साव, रामचन्द्र महतो, पूनम देवी व पूर्णिमा देवी को सदस्य बनाया गया है। वहीं बाल संसद के मंत्री सोनी कुमारी को बनाया गया। पर्यवेक्षक अरूण विजय एक्का ने कहा कि हमें भरोसा ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि नवगठित टीम विद्यालय के सर्वांगीण विकास में हर संभव प्रयास करेंगे। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सह सचिव ने कहा कि बच्चों की शत- प्रतिशत उपस्थिति व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को सफल बनाने में इस टीम से आपेक्षित सहयोग मिलेगी। मौके पर सहायक शिक्षक संजय महतो, सहायक अध्यापक कालीचरण कुमार व मधुसूदन पाल के अलावे वार्ड सदस्य दिवाकर प्रमाणिक, रोहण साव, उपेन्द्र कपरदार , तारा देवी,प्रीति देवी, प्रदीप महली,अनिता देवी, मालती देवी, सतीश दे, तितली देवी सहित दर्जनों ग्रामीण महिला पुरूष अभिभावक मौजूद थे।

# बेहतर शिक्षा कुशल अनुशासन मेधावी छात्रों का उत्कृष्ठ परीक्षाफल मधुसूदन पब्लिक स्कूल की है पहचान

## निदेशक बलराज इंदवार के बेहतर और सार्थक पहल भी हमेशा रही है सफल

**बिनय मिश्रा**






**शिक्षा,** अनुशासन और बेहतर परीक्षा परिणामफल से गौरवान्वित रहने वाला मधुसूदन पब्लिक स्कूल पुरे राज्य में पहचाना जाता है। इसकी प्रमुख वजह यह है कि टेन प्लस टु तक पढ़ाई होने वाली इस विद्यालय की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि विद्यार्थियों को अध्ययन कराने वाले सभी शिक्षक कुशल, बेहतर और प्रतिभावान है। प्राचार्य से लेकर सभी शिक्षकगण बच्चों को अनुशासित एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर सदैत जुटे हुए हैं और इसका परिणाम भी काफी सुखद है, बेहतर और उपलब्धि भरा। इस विद्यालय के अध्यक्ष श्याम सुन्दर महतो, प्रख्यात शिक्षक रहें उनके बेहतर और कुशल नेतृत्व में इस विद्यालय ने कई कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। मैट्रिक हो या फिर टेन प्लस टू इस विद्यालय के परिणामफल ने पुरे झारखण्ड को गौरवान्वित किया है। मैट्रिक तक बेहतर पढ़ाई और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षकों के द्वारा भी जी तोड़ मेहनत और मार्गदर्शन काफी कारगर और उपयुक्त है। वहीं मधुसूदन पब्लिक स्कूल के निदेशक बलराज इंदवार भी विद्यालय के लिए निरंतर काफी उपयोगी और बेहतर हैं। इनकी दिशा निर्देश भी कारगर रही है। वे स्वयं विद्यार्थियों और अभिभावक के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित कर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर माहौल बनाया है। वे बताते हैं कि मधुसूदन पब्लिक स्कूल का एकमात्र और उद्देश्य यही है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए विद्यालय उपयोगी बना रहे। बच्चों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए यह विद्यालय हमेशा सतत प्रयत्नशील है और इसका सार्थक परिणाम भी यह आया है कि विद्यार्थियों ने अपने मेधावीपन से विद्यालय का नाम और अपनी प्रतिभा का भरपुर प्रदर्शन किया है। यही नहीं इस विद्यालय में टेन प्लस टू तक की पढ़ाई भी निरंतर जारी है और वर्तमान समय में विज्ञान और कला की पढ़ाई कराई जाती है। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि मधुसूदन पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हमेशा उत्कृष्ठ साबित हुआ है जो निश्चित तौर पर गौरव और उपलब्धि की बात है।

# डीएलएसए समाज के सभी वर्गों को प्रदान करता है नि : शुल्क विधिक सहायता : राजीव कुमार सिंह

## पारा लीगल वालंटियर ( द्वितीय बैच) प्रशिक्षण का तीसरा दिन




**बिनय मिश्रा**

**चाईबासा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वावधान में नवचयनित पैरा लीगल वोलंटियर्स के द्वितीय बैच के प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए उन्हें अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम 1989 की विस्तृत जानकारी प्रदान की

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 को एससी-एसटी एक्ट के नाम से भी जाना जाता है. यह अधिनियम, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के खिलाफ किए गए अपराधों से निपटने के लिए बनाया गया है. इस अधिनियम के तहत, ऐसे अपराधों के लिए मुकदमा चलाया जाता है और पीड़ितों को राहत और पुनर्वास भी दिया जाता है.

अधिवक्ता ऋचा सिन्हा ने उन्हें संविधान में निहित लोकतांत्रिक व्यवस्था की जानकारी दी तथा भारतीय परंपरा के अनुरूप पारिवारिक संबंधों और मूल्यों पर विस्तार से बताया।

अधिवक्ता पूजा चौरसिया ने प्राधिकार के माध्यम से मध्यस्थता के लाभ और दोनो पक्षों में आपसी सहमति से मामले के निष्पादन से सामाजिक सौहार्द और सुव्यवस्था बने रहने की फायदे बताए।

इस अवसर पर प्राधिकार के सहायक अमित कुमार, अभिषेक कुमार, पीएलवी संजय कुमार निषाद, अरूण कुमार विश्वकर्मा, उदय शंकर प्रसाद और सुमन गोप भी उपस्थित थे।




### भारथी कॉलेज के छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**मांडर :** भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एनएसएस इकाई द्वारा शुक्रवार को ह्यस्वच्छता ही सेवा हैह्न अभियान के तहत मांडर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कॉलेज के छात्रों ने शिव मंदिर परिसर, मांडर-बुढ़मू मार्ग, रेफरल अस्पताल और सोसई आश्रम में सफाई की और वहां की स्वच्छता को सुनिश्चित किया। छात्रों ने स्थानीय लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए सफाई रखने की अपील की। अभियान का उद्देश्य न केवल सफाई करना था बल्कि लोगों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना भी था। कॉलेज की शैक्षणिक सचिव दीपाली परासर ने इस मौके पर छात्रों को ह्यन गंदगी करेंगे, न करने देंगेह्न का मंत्र दिया और स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्रों से समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने की अपील की और कहा कि स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है और इसे बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के कोऑर्डिनेटर विवेक राज जायसवाल ने किया, जो छात्रों के इस उत्साहपूर्ण प्रयास की सराहना की। स्वच्छता अभियान में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया और स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस पहल से छात्रों ने न केवल स्वच्छता का महत्व सीखा बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा भी प्राप्त की।

# बीडीओ ने राशन डीलर का किया औचक निरीक्षण



**जलडेगा:** प्रखंड विकास पदाधिकार डॉ प्रवीण कुमार के द्वारा ओड़गा स्थित मोहम्मद कमरुद्दीन खान राशन वितरण प्रणाली दुकान, (लाइसेंस नंबर 24/98 ,) का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्ड धारी की काफी भीड़ थी। कार्ड धारी में उपस्थित मंगरी बिझिंया, दयामणि जोजो, सुमंती बंडिंग आदि कार्डधारियों से पूछताछ किया गया और वितरण संबंधी जानकारी लिया गया। सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार के वितरण से संतुष्ट दिखे और कार्ड में सदस्यों के अनुरूप उचित मात्रा में राशन का वितरण किया जा रहा था। राशन के साथ दाल का वितरण नहीं किए जाने पर दुकानदार से पूछने पर बताया गया कि डीएसडी के द्वारा दाल उनके दुकान पर भेजा नहीं गया है। पुनः डीएसडी संचालक को फोन कर अविलंब चना दाल भेजने का निर्देश दिया गया। साथ ही जन वितरण प्रणाली दुकानदार को निर्देश दिया गया कि सभी राशन कार्ड धारको से अच्छे से व्यवहार करें । दुकान की बाहर स्टॉक की स्थिति अंकित करें और उचित मात्रा में कार्ड धारी को राशन का वितरण करें।

# कराईकेला एवं बंदगांव से सैकड़ों भाजपाई परिवर्तन संकल्प यात्रा में होंगे शामिल

**मेट्रो रेज**



**चक्रधरपुर:** बंदगांव एवं कराईकेला से चक्रधरपुर में आयोजित भाजपा पार्टी का परिवर्तन संकल्प यात्रा में शामिल होंने सैकड़ों की संख्या में भाजपाई चक्रधरपुर कराईकेला मंडल अध्यक्ष बीजू प्रामाणिक एवं एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष तिरथ जामुदा के नेतृत्व में चक्रधरपुर रवाना हुए.इस मौके पर बीजू प्रामाणिक ने कहा कि चक्रधरपुर में आयोजित जनसभा के जरिये आमजनों को झामुमो-कांग्रेस एवं राजद गठबंधन सरकार की विफलताओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया जाएगा. .इस यात्रा के माध्यम से राज्य की जनता को वर्तमान हेमंत सरकार के पांच साल की नाकामियों, कु ठ ट ा व स्‍ थ ा ।, भ्रष्टाचार,वादाखिलाफी, निरंकुशता और बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठ से आदिवासी जनसंख्या ।में हो रहे बदलाव से जनता को अवगत कराया जाएगा. परिवर्तन यात्रा के दौरान एक सुसज्जित रथ-नुमा मंच से नेताओं के भाषण होंगे और जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा.तिरथ जामुदा ने कहा कि इस परिवर्तन संकल्प यात्रा में परिवर्तन यात्रा में प्रत्येक गांव, के हजारों लोगों के शामिल होगें.इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रेदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा,पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन कार्यक्रम को संबोधित करेंगे.जिसका लाभ सभी को लेने की जरूरत है. इस मौके पर युवा मोर्च अध्यक्ष बिट्टू मिश्रा, मंत्री बबलू प्रामाणिक,विजय नाग,देवा प्रामाणिक,संजय प्रामाणिक,मंगल बोदरा, सुसेन प्रधान, नवरतन प्रधान, दीपक महतो,कमल महांती,चतुर्भुज महतो,ललिता देवी,रथिया बारीक,अवनी मंडल, जितेंद्र सांडिल समेत अन्य भाजपाई उपस्थित थे।

# महिलाओं की सशक्त भूमिका से ही समाज का उत्थान संभव : शिल्पी नेहा तिर्की




**मांडर :** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सशक्त महिलाओं के बल पर ही समाज आगे बढ़ सकता है, अन्यथा दुनिया की कोई भी ताकत न तो समाज, देश, और न ही घर-परिवार को आगे बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में जागरूकता का व्यापक प्रसार आज समाज की सबसे बड़ी जरूरत है और इस दिशा में खुद महिलाएं सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

श्रीमती तिर्की ने ये बातें मांडर प्रखंड के मंदरो में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के महिला समूह की बैठक में कहीं। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार के सहयोग का भरोसा दिलाया और कहा कि महिलाएं अपने सशक्तिकरण के लिए हर कदम पर सरकार का साथ पा रही हैं।

इससे पहले, विधायक तिर्की ने अपने विधानसभा क्षेत्र के बेड़ो प्रखंड के जहानाबाद में चबूतरा निर्माण और स्कूल से आंगनबाड़ी तक पीसीसी पथ के निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की और समाधान के लिए हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने विधायक के इन प्रयासों की सराहना की और विकास कार्यों में उनका समर्थन जताया।

### खराब ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा से वंचित करना जैसा : एनोस एक्का



**सिमडेगा :** सिमडेगा जिले सभी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की बदहाल स्थिति को लेकर पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने विभाग के ईई मनीष चंद्र पूर्ति से मुलाकात की। मौके पर पूर्व मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्र के वर्षो से सभी खराब पड़े ट्रांसफार्मर का अविलंब बदलने की बात कही। उन्होंने कहा कि टीआरडब्ल्यू में वर्षो से खराब ट्रांसफार्मर पड़े हुए हैं, लेकिन उसे बनाया नहीं जा रहा है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विभाग के अधिकारी से कहा कि बिजली ग्रामीण की मूलभूत सुविधा का हिस्सा है, और किसी को भी मुलभुत सुविधा से वंचित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा ग्रामीणों की आवाज बनना चाहता हूं ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कोई भी करें लेकिन ग्रामीणों को बिजली मिलनी चाहिए, सैकड़ो ग्रामीण प्रतिदिन मेरे आवास पहुंचते हैं खराब ट्रांसफार्मर की समस्या को लेकर। मौके पर पूर्व मंत्री ने खराब पड़े ट्रांसफार्मर की सूची भी उपलब्ध कराई। साथ ही पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि विभाग के द्वारा सकारात्मक पहल नहीं होने पर झारखंड पार्टी के द्वारा आंदोलन किया जायेगा।